मानव जीवन विकास समिति

वार्षिक प्रतिवेदन

वर्ष 2022-2023

पता– ग्राम बिजौरी, पोस्ट मझगवॉ (बरही रोड) जिला कटनी (म.प्र) पिन कोड 483501

फोन नं. –07626–275223, 275232,

www.mjvs.org

mjvs@mjvs.org

अनुक्रमणिका

क्रं	विषय / गतिविधियां ।	पृष्ठ सं.
1	**दो शब्द**	03
2	**आभार**	04
3	**प्रस्तावना** (परिचय, विजन, मिशन)	05
4	**ट्रेनिंग सेंटर**	06
5	**समिति के 10 स्तम्भ ।**	07
6	**समिति का –** उद्धेश्य, कार्यक्रमों से उम्मीदें, रणनीति।	08
7	**समिति का कार्यक्षेत्र ।**	09
8	**गतिविधियां :**	
	○ प्राकृतिक संसाधन का प्रबंधन	10
	• पर्यावरण का संरक्षण	
	• मृदा और जल प्रबंधन	
	○ वन अधिकार अधिनियम	11
	○ स्थायी कृषि –	12
	• प्राकृतिक खेती, जैविक खेती,	
	• गैरकीटनाशी खेती	
	○ स्वास्थ्य, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन	13
	○ स्थानीय कला का विकास	13
	○ ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थायी आजीविका	14
	○ बाल कल्याण एवं महिला सशक्तिरण	15
	○ आर्थिक प्रोत्साहन,	15
	○ ग्रामीण पर्यटन	15
	○ प्रशिक्षण और कौशल विकास	16
	○ समस्या समाधान हेतु आवेदन व ज्ञापन देना	17
	○ इन्टर्नशिप	17
9	**नवाचार :**	
	▪ आंगनवाड़ी रिनोवेशन कार्य।	18
	▪ जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशी प्रशिक्षण	18
	▪ बीज बैंक की स्थापना।	19
	▪ एनपीएम आधारित कृषि।	19
	▪ ग्रामसभा मोबलाईजेशन।	19
	▪ हर घर तिरंगा अभियान।	20
	▪ बाल अधिकार का प्रचार प्रसार।	20
10	**स्टोरी :**	
	○ बीज बैंक की स्थापना	21
	○ श्री विधि से खेती में उपलब्धि।	22
	○ आधुनिक खेती को बढ़ावा देना।	23
	○ अजोला घास किसानों के लिए वरदान	24
	○ मुर्गी पालन से बदलाव।	25
	○ मछली पालन से बदलाव।	26
	○ मधुमक्खी पालन से बदलाव।	27
	○ आदर्श जैव संसाधन केन्द्र (बीआरसी)	28

क्रं.	विषय / गतिविधियां ।	पृष्ठ सं.
11	**परियोजना आधारित गतिविधियां** आजीविका आधारित गतिविधियां पशुधन प्रबंधन कौशल विकास कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ग्रामीण पर्यटन विकास कार्यक्रम बाल अधिकारों की सुरक्षा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वावलम्बन प्रोग्राम जैव उर्वरक व जैव कीटनासी प्रशिक्षण हर्बल नर्सरी स्वच्छता प्रबंधन जल संरक्षण कार्यक्रम शिक्षा एवं रिस्क सपोर्ट श्री विधि से धान की खेती को बढ़ावा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम गैर कीटनासी प्रबंधन आधारित कृषि उत्पाद का सर्टिफिकेशन कराना **जैविक खाद एवं दवाईयां बनाने का प्रशिक्षण** बीज बैंक की स्थापना जैव संसाधन केन्द्र की स्थापना किचिन गार्डन को बढ़ावा देना प्राकृतिक एवं आधुनिक कृषि तकनीक प्रशिक्षण किसान एक्सपोजर विजिट कृषक पाठशाला स्व सहायता समूह और ग्राम विकास समिति सदस्यों का क्षमतावर्द्धन करना स्टाफ का क्षमता निर्माण कार्यक्रम शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करना	29
12	**उपलब्धियां ।**	30–31
13	**प्रशस्ति पत्र**	32–33
14	**प्रशंसा पत्र**	34
15	**प्रभाव / भावी योजनाएं ।**	35
16	**फोटो**	36–39
17	**मीडिया कवरेज**	40–43
18	**धन्यवाद!**	44

दो शब्द

गांव के छोटे किसान, दलित तथा आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक, नैतिक तथा राजनीतिक विकास की दृष्टिकोण से संस्था **मानव जीवन विकास समिति** का वर्ष 2000 में गठन किया गया। विगत बाईस वर्षों में संस्था ने अपने उद्धेश्यों को प्राप्त करने मे सराहनीय कार्य किया है। समाज में वंचितों तथा किसानों में आत्मविश्वास के साथ–साथ क्षमतावृद्धि भी हुई है। आम आदमी को हाशिये से निकालकर मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संस्था ने अनवरत प्रयास किया है। मध्यप्रदेश के महाकौशल, बुन्देलखण्ड और बघेलखण्ड के बैगा, गोंड़, कोल जनजाति के लोगों ने तथा दलितों और किसानों ने संस्था के प्रशिक्षण केन्द्र से सामुदायिक नेतृत्व का प्रशिक्षण प्राप्त कर परम्परागत व प्राकृतिक खेती के कौशल का विकास किया है।

निर्भय भाई के नेतृत्व में नौजवान कार्यकर्त्ता साथियों ने अथक परिश्रम किया है, जिसके कारण संस्था अपनी स्थापना के समय से निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर हो रही है। संस्था के सम्मानित सदस्यों तथा कटनी शहर के पत्रकार साथी, बुद्धिजीवियों एवं समाजिक कार्यो से जुड़े लोगों ने अपने महत्वपूर्ण सुझावों तथा निर्देशों से संस्था को आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग दिया है जिसके लिए मैं उनका हृदय से धन्यवाद करता हूँ।

बद्रीनारायण नरड़िया
अध्यक्ष
मानव जीवन विकास समिति

आभार

समिति का रजिस्ट्रेशन होने के बाद अपने सीमित संसाधनों के साथ समिति अपने आसपास के गांवों मे जनजागरण व संगठनात्मक कार्य प्रारम्भ किया। परन्तु इस कार्यकाल के दौरान ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान के सहयोग से सतना, डिण्डौरी कांकेर जिले के 5–5 गांवों मे वैकल्पिक कृषि व नर्सरी, वृक्षारोपण आदि कार्यो को बढ़ावा देने काम करते–करते समिति ने अपने काम को कटनी जिले में केन्द्रित करते हुए वर्तमान में महाकौशल क्षेत्र को अपना कार्यक्षेत्र बनाया जिसमें वर्तमान में कटनी, दमोह, उमरिया, डिण्डौरी, सिहोर, मण्डला व बालाघाट जिले में सघन रुप से काम कर रही है।

मुझे आज खुशी हो रही है कि समिति अपने बाईस वर्षों के कार्य को अंजाम देते हुये इस मुकाम में पहुंची है कि जो रिपोर्ट आपके हाथ में है उन सभी कार्यो में समिति से जुड़े एक–एक कार्यकर्ता समिति के सम्मानीय सदस्य गणों का भरपूर सहयोग रहा है जिनका मै हृदय से आभारी हूँ।

समिति उद्धेश्यों के प्रति जो काम करना चाहता था काफी हद तक मै पीछे पन्द्रह–सोलह वर्षो मे देखता हूँ तो आत्मशांति मिलती है। कई लोगों की रोजी रोटी खड़ी हुई, लोग जागृत होकर अपनी समस्याँ हल करवाने लगे। मानव जीवन विकास समिति इस केन्द्र को दुनिया के कई देशों तक अपनी पहचान बनाई है। इस समस्त विरादरी एवं टायपिंग, रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया मे प्रचार–प्रसार कार्य में राम किशोर चौधरी तथा हिसाब किताब कार्य में अभय कुमार पटेल, सोनम व पूनम शर्मा और ट्रेनिंग सेंटर व कृषि कार्य मे लगे दयाशंकर यादव और प्रोजेक्ट प्रपोजल राईटिंग मे मदद् कर रहे चन्द्रपाल कुशवाहा तथा रसोई कार्य मे लगे महेन्द्र कुशवाहा को इसके अलावा परियोजना कार्य को अंजाम दे रहे राधिका तिवारी एवं अलग अलग परियोजनाओं मे काम कर रहे सभी कार्यकर्ता साथीगण का कोटी–कोटी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ ।

निर्भय सिंह
सचिव
मानव जीवन विकास समिति

मानव जीवन विकास समिति

परिचय: मानव जीवन विकास समिति क सामाजिक गैर–सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 2000 में किया गया था। समिति कटनी जिले के बड़वारा तहसील के अन्तर्गत बिजौरी गांव में अपने 30 एकड क्षेत्र में प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कर संचालित है। समिति के संस्थापक व गॉधीवादी विचारक डॉ. राजगोपाल पी.व्ही. के निर्देशन में समिति अपने दस स्तम्भों (अहिंसक समाज, जनता का शासन, आजीविका आधारित शिक्षा, सामाजिक समानता एवं एकता, स्थानीय कला एवं संस्कृति, स्थायी कृषि, गैर शोषित समाज, सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण, पारस्परिक सहयोग एवं सबका कल्याण) पर विचार–विमर्श कर अपने काम को आगे बढाने में निरन्तर सक्रिय है।

समिति के पास सोसायटी रजिस्ट्रेशन, एनजीओ दर्पण आईडी, पेन, टेन, टीडीएस रजिस्ट्रेशन, 80जी, 12ए, एफसीआरए, सीएसआर, एनसीव्हीटी से रजिस्टर्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता प्राप्त है, उक्त सभी आवश्यक दस्तावेज है।

समिति विगत 22 वर्षो में अपने उद्धेश्यों के प्रति सजग रहते हुए सराहनीय कार्य किया है और आगे निरन्तर ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रही है। समिति के ऑफिस स्टॉफ से लेकर फील्ड कार्यकर्ताओं की क्षमतावृद्धि के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित समुदाय के साथ उनके क्षमतावर्धन हेतु प्रशिक्षणों का आयोजन करना व लोगों की स्थायी आजीविका की ओर अग्रसर है। आम आदमी को मुख्यधारा से जोडने के लिये संस्था ने अनवरत प्रयास किया है।

समिति शिक्षा, स्वास्थ, स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा, सतत् आजीविका, स्थायी व जैविक कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, ग्रामीण पर्यटन, कौशल विकास प्रशिक्षण, अधिकार आदि पर काम कर रही है। मध्यप्रदेश के 10 जिले, छत्तीसगढ़ के 6 जिले, उड़ीसा के 4 जिले, बिहार के 4 जिले, केरल के 4 जिले, राजस्थान के 3 जिले इस प्रकार से कुल मिलाकर समिति 6 राज्यों के 31 जिले के 364 **गॉवों में सघन** रूप से काम को बढा रही है।

विजन (दृष्टि): हमारी दृष्टि क गरिमामयी जीवन जीने के प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन के लिए समुदाय की क्षमता को बढ़ाकर क सामाजिक रूप से समावेशी समाज का निर्माण करना।

मिशन (लक्ष्य): हमारा लक्ष्य जैविक खेती के माध्यम से एक वैकल्पिक आर्थिक मॉडल के रूप मे अहिंसक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों के इष्टतम प्रबंधन के लि गरीबी उन्मूलन और सामूदायिक आत्मनिर्भरता की ओर नेतृत्व करना।

ट्रेनिंग सेन्टरः समिति के पास स्वयं की 30 एकड़ भूमि है जहां पर ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना कर अपने काम को आगे बढ़ा रही है। समिति का काय_लय भी है यहां पर समिति अपने किये गये कामों को हिसाब किताब, लिखा पढ़ी व डाक्यूमेंटेशन का कार्य अपने कार्यकर्ता साथियों की मदद से कर रही है। **मानव जीवन विकास समिति का ट्रेनिंग सेंटर मे** कई प्रकार के डिमास्ट्रेशन भी है जिसे देखने व समझने दूर दूर से लोग आते है। समिति के पास आवश्यकता अनुसार विषय विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहते है जिससे प्रशिक्षण कराया जा सकता है।

ट्रेनिंग सेंटर सर्वसुविधा युक्त संसाधनों से भरपूर है। इसके पास स्वयं का आवासीय परिसर उपलब्ध है, साथ ही सोलर बिजली 24 घण्टे उपलब्ध है, पानी की सुविधा है, ग्राऊण्ड है, पर्याप्त पेड़ पौधे होने से स्वच्छ वातावरण है, यातायात सुविधा हेतु सेंटर से 1.5 किलोमीटर मे नेशनल हाईवे एनएच–43 है जहां से कटनी, बरही व शहडोल रोड का कनेक्शन है, इसके अलावा 12 किलोमीटर मे कटनी जंक्शन है से जहां से भोपाल, रीवा, दमोह, सिंगरौली, बिलासपुर आदि रेलवे लाईन का कनेक्शन है, 100 किलोमीटर की दूरी मे जबलपुर (डुमना हवाई अड्डा है जहां से दूरस्थ क्षेत्र मे आने जाने का साधन उपलब्ध है।

ट्रेनिंग सेंटर मे उपलब्ध संसाधन

क्रं.	सुविधाऐं	संख्या	क्षमता	क्रं.	सुविधाऐं	संख्या	क्रं.	सुविधाऐं	संख्या
1.	प्रशिक्षण हाल	1	200	8.	कम्प्यूटर : – डेस्कटॉप लैपटॉप	 8 5	15.	पानीः – बोरबैल्स कुंआ	 1 3
2.	कान्फ्रेंस हाल	1	50	9.	प्रिंटर / स्केनर	6	16.	सौर ऊर्जा	1
3.	गेस्ट रूम	1	10	10.	फोटोकॉपी	1	17.	तालाब	1 (दो एकड़)
4.	डोरमेट्री	3	72	11.	प्रोजेक्टर	1	18.	नर्सरी	1 (तीन एकड़)
5.	कमरे	6	18	12.	कैमरा	1	19.	वृक्षारोपण	1 (पंद्रह एकड़)
6.	भोजन कक्ष	2	100	13.	इंटरनेट	1	20.	कृषि भूमि	1 (सात एकड़)
7.	पुस्तकालय	1	10000	14.	बिजली	1			

समिति के 10 स्तम्भ

1. सामाजिक परिवर्तन	परावलम्बी समाज से स्वावलम्बी समाज निर्माण के सिद्धान्त पर चलते हुए प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन पर आधारित समाज रचना में लगे समुदाय का निर्माण करना ताकि भूखमुक्त समाज की रचना हो सके।
2. जनता का शासन	लोक आधारित लोक उम्मीदबार के सिद्धान्त पर लोकनीति के अनुसार चलने के लिए लोगों को खड़ा करना ताकि सही अर्थो में लोकतंत्र की स्थापना की जा सके।
3. आजीविका आधारित शिक्षा	समग्र विकास पर आधारित ज्ञान का प्रचार प्रसार एवं स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना ताकि बेरोजगारी की समस्या का उन्हे सामना न करना पड़े।
4. सामाजिक समानता एवं एकता	गरीबी झेल रहे दीन दुःखी जो अपाहिजों जैसा जीवन जीने के लिऐ विवश हैं। समाज में विद्यमान ऐसे स्त्री पुरूषों के प्रति असमानता और उपेक्षा को दूर कर समानता का दर्जा दिलवा कर शोषण, अत्याचार एवं भ्रष्टाचार से मुक्त सशक्त सामाजिक ढ़ांचे का निर्माण करना।
5. स्थानीय कला एवं संस्कृति	स्थानीय लोक कला एवं संस्कृति के कलाकारों को संगठित कर पुनर्जीवित करना उनका संवर्धन एवं संरक्षण कर वातावरण उपलब्ध करवाना।
6. स्थायी कृषि	लम्बे समय तक भूमि की उत्पादन क्षमता बनाये रखने वाली जैविक खेती को प्रोत्साहन देकर पारम्परिक ढ़ग से खेती कर रहे किसानों का उत्साह बढ़ाना ताकि वे कृषि की नीति का विकास कर सके।
7. गैर शोषित समाज	अखण्डता, सम्प्रभुता, सम्भाव, परस्पर भाईचाारे के साथ–साथ एकता, समानता, सामूहिकता एवं न्याय पर आधारित समाज जिसमें ऊंच–नीच, अगले–पिछड़े जाति आधारित भेदभाव न हो।
8. सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण	स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना जहाँ हिंसा, लूटपाट, वैमनस्यता, दुराचार तथा तेरे मेरे लिए कोई स्थान न हो।
9. पारस्परिक सहयोग	परस्पर सहयोग की भावना को पुनर्जीवित कर एक दूसरे की सहायता व मित्रता को बढ़ावा देना ताकि पूरा गांव और समाज अपनी समस्याऐं आपसी सहयोग व मित्रता के आधार पर सुलझा सकें।
10. सबका कल्याण	उपरोक्त विचारों के क्रियान्वयन के लिऐ तथा समाज कल्याण के काम का विकास करने में संस्था एक मजबूत आधार स्तम्भ है।

समिति का उद्धेश्य

- प्राकृतिक खेती व जैविक खेती और गैर कीटनासी खेती का प्रबंधन एवं सम्बर्द्धन कार्य को बढ़ावा देना।
- वन अधिकार अधिनियम, वनवासियों की आजीविका, समृद्धि एवं सम्मान की रक्षा के लिए प्रयास करना।
- वनवासियों को वन/वनोपज पर उचित अधिकार दिलवाना एवं रचनात्मक कार्य करना।
- विस्थापितों को न्यायपूर्ण अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त करना।
- सामाजिक कल्याण तथा अन्याय एवं शोषण के विरूद्ध लोक चेतना जागृत करना।
- बच्चों के सर्वांगीण विकास के अनुरूप परिवेश की रचना के लिए प्रयास करना।
- जल संरक्षण, मृदा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के कार्य को बढ़ावा देना।
- पर्यावरण को स्वस्थ एवं प्रदूषण मुक्त करने के प्रयासों को बढ़ावा देना।
- सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने लोगों को जागरूकता करना।
- महिलाओं को सम्मान तथा अधिकार दिलाने के लिए कार्य करना।
- विज्ञान, शिक्षा, साहित्य तथा ललित कलाओं का विकास करना।
- पारंपरिक बीज संरक्षण को बढ़ावा देना।
- ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना।

कार्यक्रमों की उम्मीदें

- पर्यावरण सुरक्षा एवं किसानों को जैविक खेती करने बढ़ावा मिलेगा।
- हिंसा मुक्त समाज निर्माण तथा नशामुक्ति के खिलाफ माहौल निर्मित होगा।
- पंचायतीराज की समझ तथा महिलाओं मे सशक्तिकरण व क्षमतावर्द्धन का विकास।
- शासकीय योजनाओं की जानकारी व क्रियान्वयन एवं युवाओं मे जागरूकता आयेगी।
- शिक्षा स्तर तथा स्वावलम्बन प्रक्रिया मे बढ़ावा एवं आदिवासी क्षेत्रों मे जागरण का संकेत।
- गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्वरोजगार स्थापित होंगे, पलायन रूकेगा।
- जल, जंगल और जमीन सुरक्षित होगी तथा लोगों की स्थायी आजीविका का मॉडल निर्माण।
- जल स्तर बढ़ाने तालाब, डेम, चैक डेम व छोटे छोटे जल संरचनाऐं बनाने से वाटर लेवल बढ़ेगा।

रणनीति

- मूलभूत सुविधाओं जैसे पेय जल, आवास, बिजली, शिक्षा पर बल देना।
- सामाजिक कुरीतियों को समझाने लोकगीत, नाटक प्रदर्शन आदि के माध्यमों से समझाना।
- वन अधिकार के तहत लोगों को वन भूमि मे काबिजों का अधिकार पत्र व कब्जा दिलाना।
- पंचायत जनप्रतिनिधियों व जागरूक मंच का अधिकारों के प्रति निरन्तर क्षमतावर्द्धन करना।
- मीडिया व अधिकारियों के साथ संवाद करना ताकि जानकारी का अदान–प्रदान होता रहे।
- कार्यकर्ताओं द्वारा गांव गांव मे संगठन वं स्वसहायता समूहों का निर्माण करना वं संचालन।
- जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, बैठक व छोटे छोटे नुक्कड़ सभों आयोजित करना।
- योजनाओं का विकेन्द्रीकरण मे मदद एवं शासकीय विभागों से तालमेल बैठाना व काम कराना।
- स्कूलों मे वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों मे शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना।

समिति का भौगोलिक कार्यक्षेत्र

मध्यप्रदेश	1 कटनी	2 जबलपुर	3 उमरिया	4 डिण्डौरी	5 दमोह	6 सिहोर	7 सतना
	8 सीधी	9 सिवनी	10 विदिशा				
छत्तीसगढ़	11 कांकेर	12 रायपुर	13 महासमुंद	14 सरगुजा	15 अम्बिकापुर	16 कोरबा	
उड़ीसा	17 कालाहण्डी	18 भुवनेश्वर	19 नयागढ़	20 रायगढ़ा			
बिहार	21 पटना	22 जमुई	23 मुजफ्फरपुर	24 जहानाबाद			
केरल	25 कानपुर	26 कोजीकोड	27 वायनाड	28 अलप्पुझा			
राजस्थान	29 जोधपुर	30 उदयपुर	31 जयपुर				

समिति के विषयगत कार्यक्षेत्र

गतिविधियां

प्राकृतिक संसाधन का प्रबंधन

वे संसाधन जो उपयोगी हो या फिर मनुष्य को अपनी जरूरतों को पूरी करने हेतु उपयोगी बनाये जा सकते हैं। संसाधन के परोक्ष रूप से उपयोग करने हेतु, उपलब्ध हो, प्राकृतिक संसाधन हैं। प्राकृतिक संसाधनों के उदाहरण, शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, मृदा, वन, खनिज, वर्षा, झीलों, नदियों और कुओं द्वारा मृदा, भूमि, वन, जैवविविधता, खनिज, जीवाश्मीय ईंधन इत्यादि शामिल हैं। इस प्रकार प्राकृतिक संसाधन हमें पर्यावरण से प्राप्त होते हैं। बढ़ती जनसंख्या और आर्थिक प्रक्रियाओं के चलते अत्यधिक मात्रा में पदार्थों का उपयोग करने के कारण प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर भारी बोझ पड़ता है और इस कारण पर्यावरण गंभीर रूप से नष्ट होता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधन को बनाये रखने के लिए समिति व संगठनकर्ता पर्यावरण के अवसर पर अधिकांश मात्रा मे वृक्षारोपण करते है, वर्षा का जल बेकार न बह जाये इसके लिए छोटे छोटे जल संरचनायें बना रहे है।

पर्यावरण संरक्षण एवं संवंर्धनः- पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन और विकास का लिया संकल्प, पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें सर्वप्रथम इस धरती को प्रदूषण रहित करना होगा। जनसंख्या वृद्धि के कारण प्रदूषण भी बढ़ता ही जा रहा है, जिसे नियंत्रण में लाना आवश्यक है तभी हमारे पर्यावरण का संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य दिन प्रतिदिन प्रगति करता जा रहा है और इस विकास के नाम पर प्रदूषण वृद्धि करता जा रहा है। पर्यावरण अर्थात् जिस वातावरण में हम रहते हैं। हमारे आस पास मौजूद हर एक चीज, जीव.जंतु, पक्षी, पेड़.पौधे, व्यक्ति इत्यादि सभी से मिलकर पर्यावरण की रचना होती है। हमारा इस पर्यावरण से घनिष्ठ संबंध है और हमेशा रहेगा। प्रकृति और पर्यावरण की अद्भुत सुंदरता देखते ही हृदय में खुशी और उत्साह का संचार होने लगता है। पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने के लिए लोगों को निःशुल्क पौधे वितरण कर घर के आसपास, खेतों व सार्वजनिक जगहों मे पौधा लगवाया जा रहा है।

मृदा और जल प्रबंधन : भूमि प्रबंधन और जल प्रबंधन बहुत जरूरी है इसके बिना खेती संभव नही है। कृषि योग्य भूमि मे जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान मे देखा जाये तो अधिकांश मात्रा मे भूमि का दोहन हो रहा है, भूमि पर से पेड़ो को लगाने की बजाय काटा जा रहा है। पेड़ कटने से बारिस का पानी तेजी से गिरने के कारण मिट्टी का कटाव ज्यादा होता है जिससे भूमि की उर्वरता नष्ट होती है। बारिस का पानी रोकने के लिए मेढ़बंदी, तालाब, डेम, चैक डेम, कंटूर निर्माण, वृक्षरोपण कराकर मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा है। समिति अपने कार्यकर्ताओं की मदद से फील्ड मे गांव गांव जाकर किसानों के भूमि मे बरसात के मौसम मे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करा रही है।



वन अधिकार अधिनियम



वन अधिकार कानून 2006 के प्रति लोगों को बैठक व शिविर के माध्यम से जागरूक किया गया ताकि वन क्षेत्र मे काबिज हितग्राहियों को पट्टा प्राप्त हो सके। वन अधिकार कानून 2006 के तहत लोगों के काबिज भूमि का वनएप मित्र के माध्यम से लोगों के आवेदन भरवाये गये ताकि पात्र हितग्राही को हकदारी मिल सके। वन अधिकार के तहत वन प मित्र से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से लोगों को काबिज भूमि का पट्टा मिला है। इस कानून के तहत अधिक से अधिक लोगों के दावा आपत्ति के फार्म भरवाये गये है, इसके बाद सम्बंधित पटवारी, आरआई व तहसीलदार से संवाद व पत्राचार भी कराया गया है जिसके माध्यम से आवेदनों की छानबीन कर वास्तविक पात्र हितग्राही को काबिज भूमि का पट्टा व अधिकार पत्र दिलाया गया है।

स्थायी कृषि

- प्राकृतिक खेती
- जैविक खेती
- गैर कीटनाशी प्रबंधन खेती
  - जैव पोषक तत्व प्रबंधन
  - जैव कीटनाशी प्रबंधन

सभी को स्थायी कृषि अपनाना होगा इस परिपेक्ष्य मे किसानों को जागरूक किया गया है। समिति अपने तरीके से कार्यक्षेत्र के गांव मे कार्यकर्ताओं की मदद से किसानो को जैविक खेती करने प्रोत्साहित कर रही है। **खेती मे गोबर खाद, केचुआ खाद, कम्पोस्ट खाद, वर्मीकम्पोस्ट खाद के अलावा जैव पोषक तत्व मे नाडेप खाद, भूनाडेप खाद, मटका खाद, हरी खाद और घन जीवामृत का उपयोग करते हैं। जैव कीट प्रबंधन के तहत गौ–मूत्र, नीम अस्त्र, मठास्त, दसपर्णी, हींगास्त्र, तुलास्त्र, पंचगब्य** और लमित का उपयोग करना बताते और सिखाते है। पौधो को पोषक तत्व प्रदान करने के लि अलग अलग फसलों के लि अलग अलग पोषक तत्व की आवश्यकता होती है जिसे जैविक तरीके से निर्माण कर किसान उपयोग कर रहे है जैसे राइजोबियम, ऐजेक्टोबेक्टर, ट्राइकोडरमा का उपयोग करते है। इससे उत्पादकता मे लगातार वृद्धि हो रही है और जैविक खेती करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

स्थायी कृषि को बढ़ावा देने के लि हम पानी, जंगल, भूमि, पशुधन, पारंपरिक बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, गैर कीटनाशक प्रबंधक शामिल है।

प्राकृतिक खेती से तात्पर्य है कि प्रकृति ने जो कुछ भी हमे दिया है उसी से प्राप्त संसाधानों के उपयोग से अपनी खेती को बढ़ाने का काम करेंगे। हम बाजार पर निर्भर नही होते है। 6000 किसान लाभान्वित हो रहे है।

जैविक खेती से तात्पर्य है हम जैविक खाद, बीज और दवाईयों का उपयोग कर खेती करते है परन्तु अपने पास ये संसाधन उपलब्ध न होने पर बाजार से खरीदकर भी उपयोग कर लेते है लेकिन जैविक ही हो। 7500 किसान लाभान्वित हो रहे है।

गैर कीटनाशी प्रबंधन खेती से आशय है इस प्रकार की खेती मे पेस्टिसाईड पूर्णतः प्रतिबंधित रहता है लेकिन रासायनिक खाद का उपयोग कर सकते है। 6869 किसान लाभान्वित हो रहे है।

स्वास्थ्य, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन

स्वास्थ्य प्रबंधन :– स्वास्थ्य के क्षेत्र मे देखा जाये तो गांव गांव मे समिति कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, महिला जनप्रतिनिधियों की मदद से कुपोषित बच्चे को एनआरसी मे भर्ती कराना, पोषण आहार दिलाना, किशोरी बालिका, गर्भवती व धात्री महिलाओं की आवश्यक जांच व उपचार कराने सलाह दी जाती है एवं गंभीर बीमार व्यक्ति की ईलाज कराने 75 परिवार को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इसके अलावा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाया गया है।

स्वच्छता प्रबंधन :– दैनिक जीवन में साफ सफाई अति आवश्यक है। गांव की गलियो, वार्डो मे साफ सफाई कर स्वच्छता का परिचय दिया जा रहा है। कचरा इकट्ठे करने एवं कचरे से फायदे व हानि को भी बताया गया। हमारे आसपास अन्यत्र जगह कचरा जमा होने से गंदगी के कारण जहरीले मच्छर पनपते है जिसके काटने से बीमारी होती है इससे बचने के लिए 160 सोखता गड्ढ़े बनवाकर सही निपटान करने जागरूक किया गया।

कचरा प्रबंधन :– हमारे पर्यावरण के आसपास कचरा जमा न होने दे बल्कि इसे एक जगह इकट्ठे कर कचरादान मे डाले। इसके प्रबंधन के लिए गांव मे तिराहे, चौराहे पर कचरादान बनाया गया है और कस्वा व शहर मे 160 कचरादान के अलावा कचरा फेंकने के लए गाड़ी की व्यवस्था भी की गई है। कचरा को खाद मे परिवर्तन कर फसल उत्पादन मे उपयोग करने किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

स्थानीय कला का विकास

स्थानीय कला वास्तव मे विलुप्त होता चला जा रहा है ऐसे मे आने वाले समय मे स्थानीय कला का नामों निशान मिट जायेगा। समिति अपने स्तर पर स्थानीय कलां को बचाये रखने एवं विकास करने मे मदद कर रही है। इसमे मुख्य रूप से बांस, मिट्टी, लकड़ी के कलात्मक वस्तुओं का निर्माण कर उद्यम विकास कार्यक्रम को बढ़ावा दे रहे है। **मिट्टी के बर्तन बनाना 41 उद्यमी, बांस की वस्तुऐं बनाना 32 उद्यमी, लकड़ी की वस्तु बनाना 22 उद्यमी शामिल है।** ऐसे कलाकारों को समिति के माध्यम से प्रतिभाशाली कलाकारों का ट्रेनिंग दिया जाता है इनके द्वारा उत्पादित वस्तु का बाजार उपलब्ध कराकर उचित पारिश्रमिक दिलाये जाने कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थायी आजीविका

मानव जीवन विकास समिति द्वारा सतत् व स्थायी आजीविका कार्यक्रम परियोजनाओं की मदद से ग्रामीण क्षेत्र मे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने स्थायी आजीविका सुनिश्चित अनवरत प्रयासरत है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था (रूरल इकोनॉमी) प्रदेश व प्रदेश के बाहर जहॉ भी लोग अपने गॉव की अर्थव्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं या आगे बढ़ाना चाहते हैं तो उस गॉव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन, पानी, जमीन और वनोपज का संकलन जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ करना ऐसे कार्यक्रमों को आगे बढाने के लिये कार्यक्रम तय करना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तहत काम किये जा रहे है। जिसमें जैविक खेती को बढाना, महिलाओं के द्वारा सब्जी उत्पादन को बढाना वनोपज का संकलन वं मार्केटिंग, सिंचाई सुविधा के साथ खेती में उत्पादन बढाकर अपने भरण पोषण के लिये अनाज उत्पादन करना।

स्थायी आजीविका की बात करें तो चाहे खेती हो या स्वरोजगार दोनों शामिल है। खेती कर रहे किसानों को अपनी स्वयं की जमीन को भूमि समतलीकरण कर खेती लायक बनाना, सिंचाई हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध कराना, प्राकृतिक खेती की ओर मोड़ना जिससे अपने पास प्राप्त संसाधनों से ही अच्छी खेती से उपज लिया जा सके। खेती को बढ़ावा देने के लि खेती की लागत करने पर भी काम किया जा रहा है। खेतीहर किसानों को जैविक खाद बनाना और जैव कीटनासी दवाईयां बनवाकर खेती मे उपयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यतः व्यावसायिक खेती और व्यावसायिक सब्जी उत्पादन, मुर्गीपालन, बकरीपालन, मछलीपालन, हस्तकला शिल्प तथा व्यावसाय स्थापित कर आजीविका सुनिश्चत करना समिति लगातार प्रयासरत है।

बाल कल्याण एवं महिला सशक्तिरण

शिक्षा का प्रचार प्रसार : समिति अपने कार्यकर्ता साथी के साथ फील्ड के गांव मे शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए बच्चों का शाला प्रवेश कराना, ड्रापआडट बच्चों का शाला प्रवेश कराना, उच्च शिक्षा के लि प्रोत्साहन देना, कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देना आदि कार्य समिति कर रही है। इसके लि बैठक करना, जागरूकता रैली का आयोजन करना, दिवाल लेखन करना, पोस्टर व पम्पलेट के माध्यम से जागरूक करना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 के तहत बच्चों का प्रवेश दिलाना। अधिकतर वंचित समुदाय के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

बाल कल्याण, मानव जीवन विकास समिति ने कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक की **10 आंगनवाड़ी केन्द्र मझगवां, बिजौरी, पोड़ी, बड़वारा–1, बड़वारा–2, बिलायतकलां, पथवारी, भदौरा, बंदरी और जमुनिया** को समिति रंग रोदन कर बच्चों को बैठने हेतु कुर्सी, पढ़ने, लिखने हेतु टेबल और सीखने हेतु खिलौने आदि केन्द्र को सौपे गये है। आंगनवाड़ी केन्द्रो का पूर्व की अपेक्षा वर्तमान मे तुलना की जाये तो केन्द्र मे पढ़ने वाले बच्चों की उपस्थिति मे 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

महिला सशक्तिकरण की बात करें तो गांव स्तरीय किशोरी ग्रुप, महिला ग्रुप, स्व–सहायता समूह, महिला जनप्रतिनिधियों का ग्रुप सभी का समय समय पर क्षमतावर्द्धन कराया जाता है। आंगनवाड़ी केन्द्रों की मदद से केन्द्र मे होने वाली बैठको मे भागीदारी करके महिलाओं को सशक्त करने का काम किया जा रहा है।

आर्थिक प्रोत्साहन

मानव जीवन विकास समिति अपने उद्देश्यों के अनुरूप समाज व देश में अहिंसा को बढावा देने के लिए कई प्रकार की गतिविधियां संचालित करती हैं, जिसके अंतर्गत युवाओं में अहिंसा की शिक्षा के सैद्धांतिक और व्यावहारिक समझ विकसित किया जाता है। इसके लिए गांधीवादी विचारधारा को अपनाने व उनके बताये मार्ग पर चलने के लिए लोगों को अधिकांशतः प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह की आगे आने वाले समय मे विकास का मार्ग प्रसस्त होगा। शैक्षणिक संस्थानों मे अहिंसात्मक शिक्षा को प्रोत्साहन व बढ़ावा मिलेगा। इससे एकता, समानता, सामूहिकता, सौह्रार्द की भावना का विकास होगा।

ग्रामीण पर्यटन

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से कटनी, उमरिया, दमोह, सिहोर, डिण्डौरी जिले के 7 गांव मे होमस्टे डेवलप कराने समिति कार्य कर रही है। आगे आने वाले समय मे पर्यटन भ्रमण कर रहे पर्यटक और इच्छुक व्यक्ति होमस्टे मे रूक सकेंगे।

''प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम''

कौशल विकास को हम समझे तो इसका मतलब यह हुआ की इसमे हमें ना सिर्फ किताबी ज्ञान मिलता है, बल्कि कुछ नया करने का हुनर भी मिलता है। जो आगे चलकर रोजगार का साधन बनता है। इसके हम गांव गांव सर्वे कराकर देखते है कि से कितने युवक, युवतिया और महिला, पुरूष व समूह, संगठन है जिन्हें कुछ नया करने का विचार हो रहा है। से आवश्यकता वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमतावर्द्धन कराया जाता है ताकि कुछ नया करने का हुनर सीख जाये। समिति अपने परियोजनाओं की मदद से स्वयं सहायता समूह का प्रशिक्षण, ग्राम विकास संगठन का प्रशिक्षण, किसानों का प्रशिक्षण, किसानों का क्सपोजर विजिट, सरकारी योजनाओं का प्रशिक्षण, बकरी पालन प्रशिक्षण, मुर्गी पालन प्रशिक्षण, मछली पालन प्रशिक्षण, मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण स्थानीय लोगों को दिया जाता हैं। इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षित होकर अधिकतर लोगों ने स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर लिया है। परिवार की आर्थिक स्थिति मे सुधार हुआ है। परिवार की वार्षिक आमदनी मे लगभग 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी भी हुई है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों के जीवन मे परिवर्तन देखने को मिला है।

कुल स्वयं सहायता समुह	कुल ग्राम विकास संगठन	कुल किसान उत्पादक संगठन
581	135	सदस्य 4000

SHG का क्षमता निर्माण 182	ग्राम विकास संगठन का क्षमता निर्माण 135	किसानो का प्रशिक्षण 730

कार्यकर्ताओं का क्षमता निर्माण 36	किसानो का एक्सपोजर 5	सरकारी योजनाओं पर प्रशिक्षण 68

बकरी पालन प्रशिक्षण 5	मुर्गी पालन प्रशिक्षण 5	मछली पालन प्रशिक्षण 5	मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 5

समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन व ज्ञापन प्रशासन को सौपना

मानव जीवन विकास समिति अपनी परियोजना आधारित गतिविधियां का संचालन तो कर ही रहा है इसके साथ ही साथ समस्या का समाधान न होने पर गांव के लोगों के साथ प्रशासन स्तर पर शान्तिपूर्ण तरीके से संवाद करने का काम करते है। समस्याओं से सम्बंधित प्रशासन को पत्राचार कराना, ज्ञापन दिलाना और एमपी आनलाईन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन करवाने मे मदद करना। वन अधिकार अधिनियम के तहत वन एप मित्र पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कराया गया ताकि पूर्व मे दिये गये आवेदन व दावे को निरस्त होने की स्थिति मे पुनः वन प मित्र पोर्टल मे आवेदन कराया गया। पंचायतों मे ग्रामसभा के माध्यम से आवेदनों के निराकरण कराने मे हितग्राहियों द्वारा प्रस्ताव पास कराकर ब्लॉक व जिले स्तर मे कार्यवाही कराकर समस्या निराकरण कराने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाया गया। वन अधिकार कानून के सफल क्रियान्वयन मे तहसीलदार व सडीम और कलेक्टर को समय समय पर अवगत कराया जाता है। पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तरीय प्रशासन के साथ संवाद व मीटिंग का भी आयोजन करते है जिससे प्रशासन को भी पता रहे की गांव की किस प्रकार की समस्या है और इसे समाधान भी करना है। गांव के लोग और प्रशासन के साथ इंटरफेस मीटिंग का आयोजन भी कराते है ताकि सम्बंधित विभाग अपने विभागीय स्तर पर समस्या का समाधान कर सके।

इन्टर्नशिप

मानव जीवन विकास समिति के पास स्वयं का ऑफिस, लाईब्रेरी, ट्रेनिंग सेंटर, नर्सरी व खेती की जमीन है जहां पर विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन स्थापित है, जिसे देखने व समझने दूर–दूर से लोग आते है। विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से छात्र इंटरर्नशिप करने के लि आते है। समिति के पास बेहतर स्टॉफ के साथ विषय विशेषज्ञ की उपलब्धता है। नर्सरी प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, डिजिटल मार्केटिंग, कौशल विकास, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करना आदि विषय के छात्र, युवा वं किसान समिति के ट्रेनिंग सेंटर मे आकर इंटर्नशिप करते चले आ रहे है। **इंटरर्नशिप के लिए प्रतिवर्ष 50 से 100 प्रशिक्षणार्थी आते है।**

''नवाचार''

- **आंगनवाड़ी रिनोवेशन कार्य :** मानव जीवन विकास समिति कटनी जिले के बड़वारा विकासखण्ड अन्तर्गत 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों को महिला एवं बाल विकास विभाग की सहमती से गोद लेकर बच्चों की स्कूल पूर्व शिक्षा के तहत पढ़ाई लिखाई पर ध्यान तो देने के साथ साथ बच्चों के पोषण आदि पर भी ध्यान दिया जाता रहा है। आंगनवाड़ी केन्द्रों मे बच्चों की उपस्थिति बढ़े इसके लिए समिति ने नवाचार किया कार्यक्षेत्र की 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों मे रंगाई, पुताई और चलचित्र बनाकर आकर्षण का केन्द्र बनाया और साथ ही बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी, लिखने की सुविधा अनुसार टेबिल, पढ़ने के लिए आवश्यक सामग्री एवं चार्ट पेपर भी केन्द्रों मे उपलब्ध कराया गया है जिसके कारण पता चला है कि सभी केन्द्रो मे बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है।

- **जैव उर्वरक और जैव कीटनाशक तैयार करने एसएचजी सदस्यों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन की पहल -**

  मानव जीवन विकास समिति ने नाबार्ड और एनआरएलएम के सहयोग से प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। राधा.कृष्ण और गणेश समूह के लगभग 30 सदस्य ने सहभागिता की। जैव उर्वरक और जैव कीटनाशक जिसमें 10 अलग. अलग प्रकार के जैव कीटनाशक नीमास्त्र, अग्निअस्त्र, ब्रम्हास्त्र, दशपर्णी, मठास्त्र, फूलवर्धक, हींगस्त्र, जीवामृत, तुलास्त्र, वर्मीवॉश और 4 अलग.अलग प्रकार के जैव उर्वरक कम्पोस्ट व वर्मीकम्पोस्ट, घनजीवामृत, सुपर.कम्पोस्ट, नाडेप.खाद। समूह के सदस्य इस गतिविधि से प्रति माह 1500 रुपये से 2000 रुपये तक कमा रहे हैं। सदस्यों को आय का स्रोत लोग सब्जियों की खेती में वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग कर रहे हैं सब्जियों की जैविक खेती जो कम लागत वाली है और पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अच्छी है।

- **बीज बैंक की स्थापना** : मानव जीवन विकास समिति भारत रूरल फाउण्डेशन दिल्ली की मदद से दमोह जिले के तेन्दुखेड़ा ब्लॉक मे **40 बीज बैंक की स्थापना** कर जैविक बीज, खाद और जैविक दवाईयों का स्टोरेज किया है जिससे किसानों को प्रशिक्षण देकर जैविक खेती का काम शुरू किया है। इससे उत्पादकता तो बढ़ रही है साथ ही साथ रासायनिक युक्त खाद बीज का उपयोग करने से लोगों मे अनेको अनेक बीमारी का सामना करना पड़ रहा था बच्चों मे कुपोषण भी इसी वजह से बढ़ रहा था अब उसे भी रोका जा रहा है।

- **एनपीएम आधारित खेती को बढ़ावा** : कार्यक्षेत्र के **25000 किसानों** के लिए एक वरदान है गैर कीटनाशी खेती। जैविक खाद, कम्पोस्ट व वर्मीकम्पोस्ट खाद वं कीटनाशक दवा के छिड़काव व उत्पादित अनाज से लोगों मे साईड इफेक्ट नही होता है साथ ही सभी किसान अपने आस पास से उत्पादित वनस्पति से ही कीटनाशक तैयार कर अच्छी उत्पादन ले रहे है, इससे रासायनिक दवाईयों मे खर्चा नही होता है इससे साबित होता है कि यह पद्धति खेती के लिए अच्छी है।

- **ग्रामसभा मोबलाईजेशन** : ग्रामसभा पंचायतीराज का सबसे पावरफुल सत्ता माना गया है, ग्रामसभा द्वारा पारित प्रस्ताव कभी भी निरस्त नही होता है। वर्ष मे 4 ग्रामसभा लगाना अनिवार्य है इसके अलावा विशेष ग्रामसभा आयोजित की जा सकती है। ग्रामसभा मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने लोगों को जागरूक किया गया ग्रामसभा मे महिला सुरक्षा के मुद्दे जोड़ा जाये इसके लिए महिलाओं को ग्रामसभा मे जाना जरूरी है। **कार्यक्षेत्र के 80 गांव मे जागरूकता कार्यक्रम** के माध्यम से ग्रामसभा को मजबूत किया गया।

- **हर घर तिरंगा अभियान 2022** आजादी का अमृत महोत्सव, मानव जीवन विकास समिति जिला कटनी द्वारा बड़वारा ब्लाक की 21 **पंचायत के** 50 **गांवों** मे निर्भय सिंह मानव जीवन विकास समिति सचिव की अगुवाई मे कार्यक्रम समन्वयक राम किशोर चौधरी, कार्यकर्ता साथी के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन कर गांव गांव मे प्रचार प्रसार किया गया। समिति अपने कार्यकर्ताओं की मदद से विभिन्न गतिविधियां जैसे बैठक करना, दिवाल लेखन व रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश बताएं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों को मनाते हुए आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस पहल का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए संघर्ष को और महत्वपूर्ण उपलब्धियां, जो हमने राष्ट्र के तौर पर अर्जित की है को याद करना है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत के उन व्यक्तियों को समर्पित है जो देश के विकास और इसकी विकासवादी यात्रा में सहायक है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए अथक प्रयासरत व्यक्तियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना है। यह उल्लिखित है कि सभी नागरिकों को 13से15 अगस्त के दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम से 50 गांव से 5000 लोगों तक संदेश पहुंचाकर आजादी का अमृत महोत्सव अभियान को सफल बनाया गया।

- **चलित प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के अधिकारों के प्रति कर रहे जागरूक**

चलित प्रदर्शनी: सब बच्चों के अधिकार सब समझे सब बताएं कार्यक्रम को संचालित कर रहे जिला बाल अधिकार मंच के जिला सदस्य रामकिशोर चौधरी ने बताया कि मानव जीवन विकास समिति जिला बाल अधिकार मंच कटनी द्वारा चाईल्ड राईट्स अब्जर्बेटरी भोपाल के सहयोग से कटनी जिले की स्कूलों मे बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलित प्रदर्शनी के माध्यम से 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2022 तक कार्यक्रम चलाया। **अभियान के तहत 1500 लोगों को जागरूक किया गया।** जिसमे बड़वारा ब्लाक की शासकीय हाई स्कूल बिजौरी शासकीय हाई स्कूल मझगवां मे स्कूल प्राधानाचार्य शिक्षक छात्र व अन्य समाजसेवीयों की उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। बच्चों से किया गया संवाद. बताये महत्वपूर्ण सुझाव व संदेश! हम नही चाहते: असमानता खराब स्वास्थ असुरक्षा गुमनाम शिक्षा से दूरी अस्पृस्यता मानसिक दबाव उपेक्षा काम का बोझ बाल विवाह हिंसा आदि पर प्रकाश डाला गया। हम चाहते है: समानता स्वास्थ सुरक्षा स्वच्छता प्यार दुलार शिक्षा अहिंसा शान्ति आदि पर प्रकाश डाला गया। हम नही होने देंगे: असमानता अस्वस्थता असुरक्षा गुमनाम शिक्षा से दूरी अस्पृस्यता मानसिक दबाव उपेक्षा काम का बोझ बाल विवाह हिंसा आदि पर प्रकाश डाला गया। हम सब मिलकर करेंगे: समानता का प्रयत्न बच्चों की पूर्ण सुरक्षा मानसिक दबाव मे कमी अच्छी शिक्षा सुलभ सम्पूर्ण विकास के कार्य करेंगे।

"स्टोरी"

(1) बीज बैंक की स्थापना से प्राकृतिक खेती को मिल रहा बढ़ावा

मानव जीवन विकास समिति पिछले 4 वर्षों से बीआरएलएफ के सहयोग से 9000 परिवारों के साथ एनपीएम आधारित खेती पर काम कर रही है। एनपीएम आधारित खेती के तहत हम किसानों के साथ जल संरक्षण भूमि विकास वृक्षारोपण पशुधन प्रबंधन पारंपरिक बीजों के प्रचार और संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों पर जागरूकता पर काम करते हैं। हम देख रहे हैं कि किसान धीरे धीरे बाजार पर निर्भर होते जा रहे हैं जमीन की जुताई से लेकर अनाज के भंडारण तक किसान को पैसा खर्च करना पड़ता है जिसमें से एक खर्च बीज का भी होता है। वर्तमान समय में 80 प्रतिशत से अधिक किसान हर सीजन में बाजार से महंगे दामों पर बीज खरीदते हैं कभी कभी बाजार में बीज उपलब्ध न होने के कारण फसल की बुआई में भी देरी होती है जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ता है। देशी बीज धीरे धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं जिसका सबसे बड़ा कारण किसानों की बाजार पर निर्भरता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए एमजेवीएस द्वारा गांवग्गांव में देशी बीजों के संरक्षण के प्रति किसानों को जागरूक किया गया और गांव स्तर पर 30 पारंपरिक बीज बैंक की स्थापना की गई जो स्वयं सहायता समूहों एसएचजी और ग्राम विकास समितियों वीडीसी द्वारा संचालित है।

बीज बैंक की प्रक्रिया.

सभी बीज बैंक सामुदायिक घरों में स्थापित किए जाते हैं मूल रूप से एसएचजी और वीडीसी सदस्यों के घरों में जिसके लिए समुदाय द्वारा कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। सभी बीज बैंक स्वयं सहायता समूहों और वीडीसी द्वारा चलाए जा रहे हैं। इस कार्य को पूरा करने के लिए एमजेवीएस ने एसएचजी और वीडीसी सदस्यों को बीज बैंक की प्रक्रियाओं और नियमों किसानों से बीज कैसे एकत्र करना है बीज सही है या नहीं बीज का भंडारण कैसे करना है और दस्तावेजीकरण के बारे में प्रशिक्षित किया। बीज बैंक के नियमों के अनुसार यह निर्धारित किया जाता है कि किसान को कितना बीज दिया जाना है ताकि बीज अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। यदि किसी किसान ने बीज लिया है और सही समय पर वापस नहीं करता है तो उस पर कितना जुर्माना लगेगा आदिद्द प्रत्येक बीज बैंक में नियम निर्धारित होते हैं और इन्हीं के आधार पर समूह के सदस्य कार्य करते हैं। सभी बीज बैंकों में एक रजिस्टर होता है जिसमें बीज एवं किसानों से संबंधित समस्त जानकारी समूह के सदस्यों द्वारा निर्धारित प्रारूप के आधार पर भरी जाती है।

बीज संग्रहण एवं भंडारण की प्रक्रिया .

जब कोई किसान बीज बैंक से बीज लेने आता है तो उसे पहले ही बता दिया जाता है कि जब भी बीज जमा करें तो बीज साफ और सूखा होना चाहिए यदि नहीं होगा तो बीज वापस कर दिया जाएगा। किसान को बीज देने से पहले बीज बैंक के सभी नियम बताए जाते हैं और निर्धारित प्रारूप में पूरी जानकारी लिखी जाती है और किसान के हस्ताक्षर कराए जाते हैं ताकि भविष्य में इन दस्तावेजों के आधार पर बीज निकाला जा सके। किसान से बीज प्राप्त करने के बाद समूह के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वे अलग अलग बीजों को निर्धारित जैविक विधि से अलग अलग ड्रमों डिब्बों और बोरियों में पैक करें ताकि बीज खराब न हों। भंडारण के लिए संस्था द्वारा एयरटाइट प्लास्टिक ड्रम एयरटाइट प्लास्टिक डिब्बे और एयरटाइट बोरियां उपलब्ध कराई गई हैं जिनमें बीज भंडारित किए जाते हैं।

(2) श्री विधि से खेती में उपलब्धि

एमजेवीएस पिछले चार साल से तेंदूखेड़ा ब्लॉक के चिरकोना ग्राम पंचायत के ढोढ़ा गांव में आजीविका संवर्धन पर काम कर रहा है। हमने धोडा गांव में उन्नत कृषि पद्धतियों पर कई बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। प्रारंभिक प्रशिक्षण में भाग लेने के बाद कई किसानों ने एसआरआई तकनीकों में अपनी रुचि दिखाई और इसे अपनाया। उनमें से एक थे हल्ले सिंह गोंड उनके परिवार में स्वयं माँ पत्नी और दो बच्चे 5 सदस्य हैं। उनके पास 2 एकड़ जमीन है जिसमें आधा एकड़ जमीन पर सब्जी और बाकी जमीन पर अनाज और दाल की फसल उगाते हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएलएफ परियोजना के कार्यान्वयन से पहले वह केवल रसायन आधारित खेती करते थे और फसलों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग करते थे।

उन्होंने बताया कि मई 2020 को उन्हें एनपीएम आधारित कृषि एवं एसआरआई तकनीक पर खेलन सिंह गोंड पंचायत सहायक द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। इससे प्रेरित होकर उन्होंने एक बीघे जमीन में एसआरआई तकनीक से धान की खेती की। जिसमें उन्हें पहले से अधिक उत्पादन मिला और एनपीएम आधारित खेती से खेती की लागत भी कम आयी। पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर इस वर्ष2022–23 मे उन्होंने श्री खेलन सिंह के मार्गदर्शन में 1.5 एकड़ भूमि में एसआरआई किया है। इस वर्ष हाले सिंह ने जैविक खाद और जैविक कीटनाशकों के साथ साथ खरपतवार हटाने के लिए वीडर का भी उपयोग किया। मानव जीवन विकास समिति ने हर 3 गांवों के बीच में एक टीआरसी–तकनीकी संसाधन केंद्र बनाया है जहां आईईसी सामग्री जैविक खाद और कुछ कृषि उपकरण (वीडर स्प्रे पंप और टिपन) उपलब्ध हैं जिसका लाभ सभी किसान उठा सकते हैं।

हल्ले सिंह ने बताया कि वीडर के प्रयोग से हमें अधिक लाभ हुआ है निराईग्गुड़ाई में लगने वाला खर्च एवं समय की बचत हुई है यह तकनीक हम सभी के लिए बहुत अच्छी है। माह अक्टूबर 2022 में ब्लॉक समन्वयक श्री नरेश खटीक ने धोड़ा गांव में भ्रमण कर श्री हल्ले सिंह से मुलाकात कर श्री हल्ले सिंह से श्री विधि एवं धान उत्पादन के अनुभव के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि नरेश जी इस वर्ष हमें लगभग 30 क्विंटल धान जो पहले से 15 क्विंटल अधिक है और यह लाभ हमें श्री विधि के कारण मिला है। उन्होंने कहा कि श्री विधि से हमें दो मुख्य लाभ हुए हैं पहला धान का उत्पादन बढ़ा है और दूसरा खेती की लागत कम हुई हैग्

(3) आधुनिक व प्राकृतिक खेती बनी सहारा

श्री बड्डे पटेल के पिता श्री सोने सिंह पटेल एक छोटे किसान हैं। वे तेंदूखेड़ा ब्लॉक के मगदुपुरा गांव में रहते हैं और उनके पास 3 एकड़ खुद की जमीन है॰ उनके परिवार में 5 सदस्य हैं वह खुद उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। सभी सदस्य कृषि पर निर्भर हैं। वह वीडीसी के सदस्य और ALIVE FPO के शेयरधारक भी हैं। उनकी सारी कृषि भूमि सिंचित है और वह एक एनपीएम किसान हैं। एक साल पहले वह केवल अनाज की फसलें उगाते थे और घर के पास केवल किचन गार्डन जैसे घरेलू उपयोग के लिए सब्जियों की खेती करते थे।

पिछले वर्ष उन्होंने एमजेवीएस कार्यकर्ता श्री मिलन धुर्वे के साथ मगदुपुरा के संतोष पटेल की भूमि पर जाकर सब्जी उत्पादन में पॉली मल्चिंग और ड्रिप सिंचाई प्रणाली देखी और उस प्रणाली से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने मिलन धुर्वे से कहा कि हम भी इस प्रकार की तकनीक से सब्जी उत्पादन में रुचि रखते हैं कृपया इस बारे में हमारा मार्गदर्शन करें। इसके बाद उन्होंने उन्हें उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के बारे में बताया और व्यावसायिक स्तर पर सब्जी की खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें बताया कि उद्यानिकी विभाग व्यवसायिक स्तर पर सब्जी की खेती को बढ़ावा देने के लिए ड्रिप प्रणाली पोली मल्चिंग और सब्जी बीज पर अनुदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यदि आप रुचि रखते हैं तो सबसे पहले आपको उद्यानिकी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

बड्डे पटेल ने कहा कि मैडम मुझे इसके लिए दिलचस्पी है कृपया आगे की प्रक्रिया के लिए हमें सुझाव दें। पंचायत सहायक ने कहा कि पंजीकरण के लिए आपको आधार कार्ड बैंक पास बुक खाता बही और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होगी। ये सभी दस्तावेज लेकर आप कल झलोन बाजार में मुझसे मिलें। हम आपका रजिस्ट्रेशन करा देंगे॰ अगले दिन निर्धारित समय के अनुसार वह सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंचायत सहायक से मिला और एमपी ऑनलाइन दुकान पर जाकर पंजीयन कराया। पंचायत सहायक ने कहा कि जब आपका आवेदन स्वीकृत हो जाएगा तो उद्यान विभाग आपसे संपर्क करेगा। मई 2022 में उद्यानिकी विभाग के ब्लॉक अधिकारी ने श्री बड्डे पटेल से संपर्क किया और कहा कि एक एकड़ भूमि के लिए पोली मल्चिंग के साथ ड्रिप सिस्टम के लिए आपका आवेदन स्वीकृत हो गया है। कुल 56 हजार का सामान है जिसमें आपको 28000 रुपये जमा करने होंगे॰ जिसमें आपको ड्रिप सिस्टम पोली मल्चिंग सब्जी के बीज और वर्मी वेद सामग्री मिलेगी॰ सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूर्ण करने के बाद बड्डे पटेल ने उद्यानिकी विभाग से सामग्री एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया। बागवानी से सामग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने बागवानी और एमजेवीएस टीम की मदद से एक एकड़ भूमि में सब्जी उगाई।

तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तिपनी डुबरसता में एक बैठक आयोजित करते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को लेकर चर्चा की गई। और किसानों को जैविक खेती के प्रति प्रेरित किया गया जिसमें प्राकृतिक खेती के लिए जरूरी पशुपालन की जानकारी दी गई घनश्याम प्रसाद रैकवार ने बताया रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयां ना केवल फसलों को, जमीन को नुकसान पहुंचाती है बल्कि इंसानों के लिए भी घातक साबित हो रही है। ऐसे में हम सब के पास बेहतर विकल्प है प्राकृतिक खेती अपनाने का। एक देसी गाय से प्राकृतिक खेती शुरू की जाती है और जमीन की उर्वरा के साथ-साथ वस्तुओं की गुणवत्ता में भी सुधार लाया जा सकता है। इस अवसर पर आत्मा परियोजना अधिकारी सुधीर सिंह कृषि विस्तार अधिकारी डीपी दुबे वनरक्षक बृजेश कोल तिपनी आईसीआई फाउंडेशन सुधीर राय मानव जीवन विकास समिति कटनी परियोजना तेंदूखेड़ा पंचायत सहायक धन सिंह लोधी सहित तिपनी डुबरसता बगदरी राम के किसानों की उपस्थिति रही।

किसान उत्पादक संगठन की एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला संपन्न

लोकोत्तर समाचार सेवा ■ तेंदूखेड़ा/दमोह
www.elokottar.in

तेंदूखेड़ा मानव जीवन विकास समिति भारत रूरल लाइवलीहुड फाउंडेशन के सहयोग से तेंदूखेड़ा दमोह में संचालित आजीविका परियोजना के तहत किसान उत्पादक संगठन की एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला में तकनीकी, सहयोगी संस्था के एम एम कुमार व अरविन्द का रहा। कार्यशाला में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस अवसर पर किसान उत्पादक संगठन के किसान एवं मानव जीवन विकास समिति के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में परियोजना समन्वयक चंद्रपाल कुशवाहा और संस्था प्रमुख निर्भय सिंह की मौजूदगी में कार्यशाला में एम एम कुमार ने विस्तार से किसान उत्पादक संगठन के बारे में बताया कि कैसे हम किसान उत्पादक संगठन का गठन उसके कार्यों संगठन के विस्तार से जानकारी प्रदान की साथी संगठन से जुड़ने के किसानों को फायदे बताए सबसे महत्वपूर्ण किसान बाजार पर अपनी निर्भरता को कम कर सकते है एवं सफल किसान उत्पादक संगठन हेतु क्या क्या रणनीति अपनानी चाहिए आदि बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला श्री एम एम कुमार के मार्गदर्शन आगामी चार महीनों कार्य योजना बनाकर कार्यशाला संपन्न हुई इस अवसर पर चन्द्रपाल कुशवाहा, लालसिंह गोंड, परमसुख गोंड एवं अर्चना ने एम एम कुमार, अरविन्द एवं निर्भय सिंह का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का संचालन एवं प्रबंधन घनश्याम प्रसाद रैकवार, नरेश खटीक अजीत सिंह लोधी जी के द्वारा किया गया।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए महिलाएं मिलकर कर रही ऑर्गेनिक दवाइयां बनाने का प्रयास

लोकोत्तर समाचार सेवा ■ जबेरा/तेन्दूखेड़ा
www.elokottar.in

[illegible] जीवन विकास समिति उपलब्ध करवा रहे संसाधन खेती के प्रति महिलाओं का बढ़ रहा उत्साह ऑर्गेनिक दवाओं के उपयोग से कर रही खेती रसायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग का नुकसान उन्होंने स्वयं देखा है इनके प्रयोग से खेतों में प्राकृतिक के सहायक तमाम कीटाणु मर जाया करते थे मगर जब से जैविक खेती की शुरुआत हुई है अब ऐसा नहीं है जी हां हम बात कर रहे हैं। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा जनपद से 27 किलोमीटर की दूरी पर बसा वनांचल गांव सेहरी पराझर के आदिवासी महिलाओं की जहां खेती से महिलाओं का सदैव सरोकार रहा है मगर वह निराई गुड़ाई और चारा पानी तक सीमित रही है मगर यहां की कुछ महिलाएं जो खेती में नायाब काम कर रही हैं यह महिलाएं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास से ऑर्गेनिक दवाइयां बनाने का काम कर रही है और जिनको संसाधन जुटाने में मानव जीवन विकास समिति मदद कर रही है घनश्याम प्रसाद रैकवार बताते हैं किसान भी वर्मी खाद वर्मी वाश के साथ भू नाडेप के माध्यम से वनस्पति का भी उपयोग समझकर अपना रहे है देवी एवं जय माता दी स्व सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोमूत्र गोबर मठा को पहले गांव से एकत्रित करते हैं ऑर्गेनिक दवाएं बनाती हैं जिसका उपयोग प्राकृतिक खेती में करती है यह नायाब काम मगदुपरा तिपनी डुकरसता धनगौर रिचकुड़ी पटेरियामाल समदई सनई माधो देवरी शंकर हर्रई बमनोदा की महिलाएं मिलकर कर रही हैं।

लोगों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक कर रही समिति

[illegible]

मानव जीवन विकास समिति कटनी-दमोह और संस्थाओं-संगठनों के साथ इंटरफेस बैठक

ग्राम पंचायतों में आजीविका बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने के मुद्दे पर किया गहन विचार विमर्श

[illegible]

मानव विकास समिति और आजीविका मिशन द्वारा रोजगार के अवसरों पर दौरा

दैनिक पुनीत वार्ता जिला ब्यूरो दमोह लक्ष्मण रैकवार

तेदूखेडा/ मानव जीवन विकास समिति दमोह भारत रूरल लाइवलीहुड फाउंडेशन के सहयोग से जिला दमोह मध्य प्रदेश की जनपद पंचायत तेदूखेडा कि ग्राम व ग्राम पंचायतों में लोगों की आजीविका को लेकर नवांचार किये जा रहे हैं आजीविका मिशन द्वारा गाँव गाँव बनवाये गये महिला समूह जो निष्क्रिये कि प्रक्रिया में चल रहे हैं उन्हें पुर्नजीवित कर उन्हें पुन: आजीविका मिशन से जोडा जा रहा है तथा मानव जीवन विकास समिति दमोह के पंचायत सहायक कार्यकर्ताओ कमुनिटिइंजिनियर साथी उक्त गतिविधियों को आगे बढा रहे हैं ब्लॉक समन्वयक घनश्याम प्रसाद रायकवार ने कहा कि महिलाओं के नये / पूर्व के समूह बनाकर आजीविका मिशन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा ऐसे ही समूह अंचल पुरा, औरिया माल. डुकरसता. धनेटा. बिशनाखेडी. ससनाखुर्द बमनोदा .समदई. पटेरियामाल. धनगौर कला बम्होरी पांजी. रिचकुही. महगुवां कला .जामुन. चंदना. हर्रई. पलवा. सेहरी.ससनाकला. झलोन. तिपनी. में महिलायें आपस में बैठकर आगे बढने के लिए जैविक दवाईयां जैविक खाद बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं

महिलाएं आजीविका से जुड़ने कर रही प्रयास

भास्कर न्यूज। तेदूखेड़ा

मानव जीवन विकास समिति दमोह भारत रूरल फाउंडेशन के सहयोग से जिला दमोह की जनपद पंचायत तेदूखेड़ा के ग्राम व ग्राम पंचायतों में लोगों की आजीविका को लेकर नवाचार किए जा रहे हैं। आजीविका मिशन द्वारा गांव-गांव बनवाए गए। महिला समूह जो निष्क्रिय कि प्रक्रिया में चल रहे हैं, उन्हें पुर्नजीवित कर उन्हें पुनः आजीविका मिशन से जोड़ा जा रहा है तथा मानव जीवन विकास समिति दमोह के पंचायत सहायक कार्यकर्ताओ साथी उक्त गतिविधियों को आगे बढ़ा रहे हैं। ब्लॉक समन्वयक घनश्याम प्रसाद रायकवार ने कहा कि महिलाओं के नये व पूर्व के समूह बनाकर आजीविका मिशन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे ही समूह अंचल पुरा, ओरिया माल, डुकरसता, धनेटा, बिशनाखेड़ी, ससनाखुर्द, बमनोदा, समदई, पटेरियामाल, धनगौर कला, बम्होरी पांजी, रिचकुकी, महगुवां कला, जामुन, चंदना, हर्रई, पलवा, सेहरी, ससनाकला, झलोन, तिपनी में महिलायें आपस में मिलकर आगे बढ़ने के लिए जैविक दवाईयां जैविक खाद बनाने के प्रयास किये

गाय के गोबर से जैविक खाद बनाने के तरीके बताए

भास्कर संवाददाता | तेंदूखेड़ा/झलोन

ग्राम बमनौदा में एकता परिषद मानव जीवन विकास समिति की ओर से ग्राम विकास समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। जिसमें घनश्याम प्रसाद रायकवार ने लोगों को गांव में कृषि आधारित गैर कृषि आधारित के साथ प्राकृतिक खेती गाय गोबर के माध्यम से जैविक खाद्य, जैविक दवाई, बनाने के हुनर बताए। साथ ही उपजाऊ भूमि को बंजर होने से बचाना है, रसायनिक खाद्य और दवाईयों से फसलों को उर्वरक पोषण देने वाले जीव नष्ट हो रहे हैं, हमें मात्र भूमि को बचाना है, हमारे पूर्वज गाय गोबर की खेती करते थे, जिससे भूमि में नमी रहती थी, लेकिन वर्तमान खेती से भूमि ठोस हो रही है, जिससे हमारे जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, कार्यशाला में ग्राम पंचायत बमनोदा सरपंच कुशुम रानी ने लोगों से कहा कि एक मां हमें पैदा कर भूमि पर चलने फिरने और आजीविका चलाने के लिए छोड़ देती है, दूसरी मां भूमि है, जो जीवन भर अच्छे कर्म बुरे कर्म मनुष्य जमीन पर करते हैं, लेकिन मात्र भूमि कुछ नहीं कहती है, वह समस्त प्रहार सहती है, हम सबका कर्तव्य है कि मात्र भूमि और जन्म देने वाली मां की रक्षा करें।

जैविक आधारित खेती की दे रहे जानकारी

तेंदूखेड़ा। मानव जीवन विकास समिति के सहयोग से निर्भय सिंह के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत तेदूखेड़ा के गांव व ग्राम पंचायतों में किसान संगोष्ठियां, सभाएं आयोजित कर किसानों को गैर कीटनाशी प्रबंधन और रसायनिक खेती के लाभ और दुष्परिणामों के संबंध जानकारी दी जा रही है। ब्लॉक समन्वयक घनश्याम प्रसाद रायकवार ने किसानों को बताया कि बीज शोधन, बीज उपचार और गैर कीटनाशी प्रबंधन पद्धति से खेती करने के लिए अति आवश्यक है कि गहराई के साथ इसमें अपनाई जाने वाली गतिविधियों को समझा जाए फसल में आने वाली कीट व्याधि विभिन्न प्रकार के रोगो को रसायनिक कीटनाशी दवाओं के उपयोग के बिना ही नियंत्रित करना, गैर कीटनाशी प्रबंधन कहलाता है। साथ ही इसमें आवश्यक है कि खरपतवार नियंत्रण जैसी गतिविधियों में किसी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं करना चाहिए।

समिति लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है: रायकवार

तेंदूखेड़ा। सरकारी विभागों के साथ मानव जीवन विकास समिति दमोह की बैठक को संबोधित करते अतिथि।

भास्कर संवाददाता| तेंदूखेड़ा

मानव जीवन विकास समिति ने जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों की बैठक आयोजित की। जिसमें भारत रूरल लाइवलीहुड फाउंडेशन दिल्ली के सहयोग से घनश्याम प्रसाद रायकवार ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ प्राकृतिक खेती पशुपालन जल संरक्षण व सरकारी योजनाओं को लेकर मानव जीवन विकास समिति पिछले 22 वर्षों से लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। समिति सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि कृषि को लाभ का धंधा कैसे बनाया जाए। जिससे खेती में कम लागत में अधिक उत्पादन के साथ किसानों की आय दोगुनी करना है। डॉ. हरिकांत मिलवार ने कहा कि भारत सरकार राज्य सरकार पशुपालकों के लिए ढेर सारी योजनाएं संचालित किए हैं पशुपालन एवं डेयरी विकास के माध्यम से पशुओं का बीमा पशुपालक के लिए लोन किसानों के लिए है। एलबी दास ने कहा कि हम गांव में आजीविका चलाने के लिए मेढबंदी कुआं निर्माण कराते हैं। जननीति से सरकार ने योजना चलाई है जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए आजीविका मिशन से हेमंत ने कहा कि गांव गांव में एसआरएलएम के सहयोग से महिला स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। इन समूह की बहनों के लिए छोटे छोटे धंधों के लिए बैंक से लिंक कराकर महिलाओं लोन दिलाने का कार्य किया जा रहा है। जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक अनिल ने कहा कि जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से यही कार्य कर रही हैं जो मानव जीवन विकास समिति दमोह कर रही है। जिला पंचायत सदस्य सबीता सिंह पौर्ते सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे।

कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा महिला कृषक को मिला प्रशस्ति पत्र

लोकोत्तर समाचार सेवा ■ दमोह
www.elokottar.in

मानव जीवन विकास समिति दमोह पंचायत सहायक कार्यकर्ता एवं कृषक श्रीमति मिलन बाई गौड़ ग्राम छेवा तहसील तेंदूखेड़ा जिला दमोह मध्य प्रदेश वर्ष 2022-2023 मे जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में नवांचार कार्य हेतु सराहना की जाती है कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह प्रबंधक डा. मनोज कुमार अहिरवाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाता है कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह बी.एल. शाहू जी ने कहा कि भारत वर्ष सदैव से कृषि और कृषि प्रधान राष्ट्र रहा है इस राष्ट्र की आर्थिक एवं मानव जीवन की संरचना केन्द्र बिंदु गौ आधारित रहा है इसे सुरक्षित और संरक्षित करने की जिम्मेदारी अब हमारी है घनश्याम प्रसाद रायकवार का कहना है कि जल जंगल और जमीन आधारित कृषि से प्राकृतिक खेती संभव है।

श्रमदान कर खोदे कुएं अब मिल रहा पर्याप्त पानी

भास्कर न्यूज। तेंदूखेड़ा

वीरांगना रानी दुर्गावती वन्यजीव अभ्यारण्य के ग्राम [illegible], सरसैलामाल में मानव जीवन विकास समिति के सहयोग से रतन सिंह गौड़ जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा द्वारा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर पानी की समस्या का समाधान कराने के लिए कुआं खोदा। जिसमें अप्रैल में ही पर्याप्त पानी है और ग्रामीणों को भी सुविधा मिलने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा हो गई है। साथ में वनांचल गांव में पेयजल उपलब्ध हुआ है। पशु-पक्षियों के लिए भी पीने के लिए जल उपलब्ध हुआ है। ये सब हुआ समिति के सहयोग से। टेक सिंह गौड़ ने बताया कि पहले गांव में गर्मियों में पानी की परेशानी होती थी। मानव जीवन विकास समिति कटनी के कार्यकर्ता घनश्याम प्रसाद रायकवार ने हम लोगों को सामूहिक श्रमदान कर कुआं खोदने के लिए कहा। उनके द्वारा दी गई प्रेरणा के बाद सभी ने मिलकर दो कुआं खोदने का निर्णय लिया। दोनों कुआं खोदने के बाद पत्थरों से उनको बांधा। आज हम लोग गर्मियों में पानी पीते हैं और पशु पक्षियों को भी पेयजल उपलब्ध हो रहा है। 15 किसानों की 78 एकड़ भूमि सिंचित हो रही है।

ससनाखुर्द में श्रमदान से बनाया गया तालाब, सहजता से उपलब्ध होगा पानी

[illegible]

वनमित्र पोर्टल की सुस्त चाल से निराश आदिवासी

● रुबी सरकार

तेंदूखेड़ा विकासखंड जिला दमोह से करीब 28 किलोमीटर फुलर वनग्राम का रहने वाला रामचरण गोंड आदिवासी को वर्ष 2011-12 में वन अधिकार समिति की ओर से 9 एकड़ कृषि भूमि और आवास का पट्टा मिला। हालांकि रामचरण का इस भूमि पर तीन पीढ़ी से कब्जा है। लेकिन पट्टा न होने के कारण वन विभाग अतिक्रमणकारी बताकर हर साल जुर्माना वसूलते रहे। पट्टा मिलने के बाद रामचरण को लगा उसकी परेशानी खत्म हो गई, लेकिन ऐसा कुछ भी उसके साथ नहीं हुआ। रामचरण को अतिक्रमणकारी बताकर वन विभाग ने उन पर मुकदमा चलाया, रामचरण और उनके बेटों को जेल भेजा गया। आज भी वह जमानत पर हैं। इसके बाद मध्यप्रदेश शासन की ओर से 2019-20 में वन मित्र पोर्टल शुरू किया गया। रामचरण से कहा गया कि वे वनमित्र पोर्टल पर इसी जमीन के पट्टे के लिए आवेदन करें। उन्होंने आवेदन किया, परंतु आज तक उस आवेदन पर कोई फैसला नहीं हुआ। ताज्जुब इस बात का है कि इसी भूमि को राजस्व विभाग अपनी भूमि बताकर रामचरण से हर साल कभी तीन हजार, कभी दो हजार और कभी एक हजार रुपए जुर्माना वसूल रहा है। रसीद दिखाते हुए रामचरण ने बताया, ऐसी अंधेरगर्दी कहीं देखी है क्या! जिस भूमि पर तीन पीढ़ी से रह रहे हैं, खेती कर रहे हैं। बाद में उसी भूमि का वनाधिकार समिति ने पट्टा दे दिया। फिर भी सालों साल मुझसे जुर्माना वसूला जा रहा है। यहां तक कि इसी जमीन पर कब्जे को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में मेरी तरफ से दायर याचिका लंबित है। फिर भी मुझे जंगल से भगाने की नाकाम कोशिश हो रही है। यह अकेले रामचरण का प्रकरण नहीं है, बल्कि इसी जिले के 12 हजार,600 आदिवासियों की यही कहानी है। लगभग सभी आदिवासी सदियों से वन भूमि पर रहते आ रहे हैं। वनाधिकार कानून बनने के बाद 2006 से अपने कब्जे की भूमि पर वन अधिकारी समिति की ओर से पट्टा अनिवार्य किया गया। फिर शासन ने वर्ष 2019-20 में वनमित्र पोर्टल शुरू कर कब्जे वाली भूमि के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन मांगा, लेकिन वनमित्र पोर्टल पर आवेदन करने वाले आदिवासियों में से कुछ का ही भूमि का मसला हल नहीं हुआ।

फुलर गांव में 165 आदिवासी परिवार निवास करते हैं। इसी गांव का सेवालाल गोंड बताते हैं कि वह 1980 से इसी जंगल में रह रहे हैं। सेवालाल ने बताया कि आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझकर राजनेता इस्तेमाल करते हैं। हर बार जमीन, रोजगार देने की बात करते हैं, परंतु देते कुछ नहीं। हमारी परिस्थिति जस की तस है। सेवालाल के पास

भी पट्टे और कब्जे की रसीद है। फिर भी वनमित्र पोर्टल पर आवेदन के लिए कहा गया। उन्होंने आवेदन किया, पर नतीजा सिफर रहा। अभी तक उसके पास कार्यवाही की कोई सूचना नहीं आई है।

दमोह के सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम रैकवार बताते हैं कि दरअसल यह पूरा गांव 2000 से पहले अपनी आजीविका के लिए पलायन पर जाते थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का ध्यान इस ओर गया और उन्होंने जंगल में आदिवासियों के रहने और कृषि के लिए पट्टे देने की व्यवस्था शुरू की। फिर 2006 में वनाधिकार कानून आया, पुनः कब्जे वाली जमीन पर पट्टे के लिए वन अधिकार समिति के पास आदिवासियों को आवेदन देने के लिए कहा गया। समिति की ओर से आदिवासियों को पट्टा भी मिल गया, अब फिर से शासन की ओर से कहा जा रहा है कि वनमित्र पोर्टल पर पट्टे के लिए आवेदन देना होगा। जबकि दमोह जिले के 12 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। इसके लिए हम सब संघर्ष कर रहे हैं। कलेक्टर के यहां धरना से लेकर मंत्रियों तक घेराव कर रहे हैं, ताकि कोई तो ठहर कर हमारी परेशानी सुन ले। उन्होंने एक जानकारी और दी कि आदिवासियों की आजीविका के लिए 1976 में अधिक अन्न उपजाओ योजना अंतर्गत कृषि सहकारी समिति बनाई गई थी, इस समिति में आदिवासियों के अलावा अनुसूचित जाति के लोगों को भी शामिल किया गया था, समिति से जुड़े 26 परिवारों की आजीविका इसी कृषि भूमि पर निर्भर थी। अचानक 1996 में इसे निरस्त कर दिया गया। इस तरह कृषि सहकारी समिति की भूमि पर वन विभाग ने कब्जा जमा लिया और इस भूमि से आदिवासियों को भगाना शुरू कर दिया।

गौरतलब है कि दमोह जिला चारों ओर जंगलों से घिरा है। इन जंगलों में 56 हजार आदिवासी निवास करते हैं। रायकवार ने बताया वर्ष 2008 से 2017 तक केवल तीन हजार हक प्रमाण पत्र ही आदिवासियों को वितरित किए गए। वर्ष 2019-20 में एमपी वनमित्र पोर्टल पर 12 हजार,600 आवेदन दर्ज हुए। अभी तक मात्र 411 हीक प्रमाण पत्र ही आदिवासियों को दिए गए।

आजीविका आधारित महासम्मेलन का हुआ समापन

वन अधिकार कानून से अजीविका खड़ी हुई, वंचितों को भी मिलेगा लाभ

दमोह। एकता परिषद मानव जीवन विकास समिति कटनी दमोह मध्य प्रदेश के द्वारा आजीविका आधारित महासम्मेलन का आयोजन 10 मार्च 2023 ... [illegible]

[illegible]

प्राकृतिक कृषि के सिद्धांत पर किसानों के खेतों का भ्रमण

तेन्दूखेड़ा। जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा जिला दमोह के ग्राम व ग्राम पंचायतों में मानव जीवन विकास समिति द्वारा किसानों को नवाचारों के माध्यम से प्राकृतिक खेती के विषय में जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। निर्भय सिंह ने कहा कि भूमि अन्नपूर्णा है फसलों को बढ़ाने के लिए जो संसाधन चाहिये। भागवत कुमार अहिरवाल भोपाल ने कहा कि ऊपर से कुछ भी देने की जरूरत नही है, हमारी फसलें भूमि से मात्र 1.5 से 2.0 प्रतिशत तत्व लेती हैं। शेष 98 प्रतिशत हवा सूरज की रोशनी ओर पानी से लेती है।

जैविक खाद एवं जैविक दवाईयों से सुधरेगी उन्नत कृषि उपज

कटनी, देशबन्धु। मानव जीवन विकास समिति द्वारा सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) के सहयोग से एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) द्वारा गठित समूह की महिलाओं का जैविक खाद एवं जैविक कीटनासी प्रबंधन को लेकर पठरा ग्राम पंचायत मे स्व-सहायता समूह की 30 महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित है। प्रशिक्षण का आयोजन संस्था प्रमुख श्री निर्भय सिंह, नाबार्ड से डीडीएम धनेष जी, एनआरएलएम से राम सुजान एवं सूर्य प्रताप सिंह बघेल के सहयोग से पठरा स्थित गौ-शाला मे प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गौ-शाला को संचालित कर रहे स्व-सहायता समूह को यह प्रशिक्षण बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। यह की प्रशिक्षण मे जैविक खाद के साथ साथ जैविक दवाईयां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण रोजाना अपने माड्यूल के अनुसार परिवर्तनशील है। प्रशिक्षण का शुभारम्भ पठरा ग्राम पंचायत भवन मे हुआ कार्यक्रम मे 4 स्व-सहायता समूह से लगभग 35 महिला सदस्यों ने भाग लिया। संस्था प्रमुख निर्भय सिंह, प्रशिक्षक श्रीमती मिलन धुर्वे एवं लाल सिंह (विशेषज्ञ जैविक कीटनासी प्रबंधन), संस्था कार्यकर्ता श्री रामकिशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा, अभय कुमार पटेल, श्रीमती राधिका तिवारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य सहयोगियों की भूमिका रही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्धेष्य जैविक खेती की उपयोगिता एवं रासायनिक खेती के दुष्परिणाम बताते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने नाडेप, भू-नाडेप, हरी खाद, कम्पोस्ट खाद, वर्मी कम्पोस्ट खाद, सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार करने प्रयोग विधि बताई गई। गैर कीटनासी प्रबंधन की उपयोगिता पर प्रभाव डाला गया। कीटनासी प्रबंधन पर अग्निआस्त्र, नीमास्त्र तैयार करने प्रयोग विधि बताई गई। इसके बाद आगामी दिनों मे माड्यूल के आधार पर कार्यक्रम परिवर्तनशील रहेगा।

महिलाओं ने प्रदर्शित किया जैविक दवाइयां व खाद

कटनी @ पत्रिका. मानव जीवन विकास समिति द्वारा सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत नाबार्ड राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित समूह की महिलाओं को जैविक खाद एवं जैविक कीटनासी प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पठरा ग्राम पंचायत में स्व. सहायता समूह की 30 महिलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का आयोजन संस्था प्रमुख निर्भय सिंह, नाबार्ड से डीडीएम धनेश, एनआरएलएम से राम सुजान द्विवेदी, सूर्य प्रताप सिंह बघेल के सहयोग से पठरा स्थित गौ-शाला में प्रशिक्षण का आयोजन. किया गया। समापन समारोह में नाबार्ड से डीडी एम, आरसेटी डायरेक्टर, एलडीएम, डी आई, समिति सचिव निर्भय सिंह, समिति कार्यकर्ता रामकिशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा, पठरा से सुरेश विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, विकास यादव, दीपक, मिहीलाल आदि उपस्थित थे।

30 महिलाओं को दिया जा रहा 15 दिवसीय प्रशिक्षण

अब ग्रामीण समूह की महिलायें बनेंगी आत्मनिर्भर

पीसं, कटनी। मानव जीवन विकास समिति द्वारा सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत नाबार्ड के सहयोग से एनआरएलएम द्वारा गठित समूह की महिलाओं का जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशी प्रबंधन को लेकर पठरा ग्राम पंचायत मे स्व-सहायता समूह की 30 महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित है। प्रशिक्षण का आयोजन संस्था प्रमुख निर्भय सिंह, नाबार्ड से डीडीएम धनेष, एनआरएलएम से राम सुजान एवं सूर्य प्रताप सिंह बघेल के सहयोग से पठरा स्थित गौ-शाला मे प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। गौ-शाला को संचालित कर रहे स्व-सहायता समूह को यह प्रशिक्षण बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। प्रशिक्षण में जैविक खाद के साथ साथ जैविक दवाईयां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण रोजाना अपने माड्यूल के अनुसार परिवर्तनशील है। प्रशिक्षण का शुभारम्भ पठरा ग्राम पंचायत भवन मे हुआ। कार्यक्रम में 4 स्व-सहायता समूह से लगभग 35 महिला सदस्यों ने भाग लिया। संस्था प्रमुख निर्भय सिंह, प्रशिक्षक मिलन धुर्वे एवं लाल सिंह विशेषज्ञ जैविक कीटनाशी प्रबंधन, संस्था कार्यकर्ता रामकिशोर चौधरी आदि की भूमिका रही।

त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था बेहतर रूप से लागू होः घनश्याम

इंटरफेस की बैठक में दी महत्वपूर्ण जानकारी

बनवार। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते अधिकारी।

भास्कर संवाददाता | बनवार

मानव जीवन विकास समिति कटनी जिला दमोह इंटरफेस बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत दुगानी ब्लॉक जबेरा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच साधना सींग गौड़ ने की। निर्भय सिंह के मार्गदर्शन में परियोजना राधिका तिवारी ने कहा कि जनपद पंचायत जबेरा की 7 पंचायत 25 गांव में लोगों की आजीविका खड़ी हो, गांव में कृषि आधारित गैर कृषि आधारित प्राकृतिक खेती के साथ शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास ग्राम पंचायतों सरकारी विभागों के साथ मिलकर किया जा रहा है। घनश्याम प्रसाद रायकवार ने कहा कि लोगों को लोगों के साथ ग्रामीण अंचलों के किसानों की आर्थिक स्थिति और समृद्धि सामाजिक सशक्तिकरण तथा समग्र विकास के लिए यह आवश्यक है कि त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था बेहतर रूप से लागू हो। पंचायतें मजबूत प्रजातंत्र की बुनियाद हैं लोकतंत्र की इस आधार भूत कड़ी से हमें गांव क्षेत्र जिला का सर्वांगीण विकास की दिशा तय करनी है। सही लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए पंचायत राज प्रतिनिधियों से प्रजातंत्र की इस कड़ी को मजबूती मिलती है। इसी उद्देश्य को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोगों को समिति समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा पशु पालन, समिति किसानों को भू-नाडेप बनवाने, वर्मी बेड लगवाना और भरवाना, अजोला डेमो निर्माण, जैविक दवाइयां बनवाने के ट्रेनिंग गांव घर घर किसानों को दे रहे हैं। राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि समूहों के साथ मिलकर गोबर युक्त स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बैठक में रोजगार सहायक रंजीत शाहू, माधव सिंह लोधी, संजीत कुमार शाहू, सावित्री गौड़, जगदीश सिंह, राजुसींग गौड़, देवेंद्र गौड़, कमलारानी शामिल रही।कार्यक्रम का संचालन चरन सींग ने किया। आभार हरीबाई ने माना।

समिति ने किसानों को बताए जैविक खेती के फायदे

झलौन। तेंदूखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत वगदरी के गांव डुकरसता में मानव जीवन विकास समिति कटनी के सदस्यों ने किसानों को जैविक खेती के बारे में बताया। जिसमें किसान बाबूलाल गौड़ के साथ अन्य किसान जैविक खेती करते हैं और तरह-तरह की देशी दवाई बनाते हैं और अपने किचन, गार्डन के साथ चना और अन्य फसलों में दवाई का छिड़काव करते हुए घर में भूनाडे और वर्मी बेड तैयार किया है जिसे केंचुआ खाद भी कहते हैं जिससे खेती को काफी फायदा पहुंचता है इसमें रासायनिक खाद का उपयोग नहीं होता है। इस मौके पर ग्राम पंचायत वगदरी पंचायत सहायक धन सिंह लोधी, राम, कृष्णा, मेघराज, बाबूलाल सहित अन्य की मौजूदगी रही। -नप्र

मानव जीवन विकास समिति का संयुक्त प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रबी फसलों के उत्पादन एवं सब्जी उत्पादन तकनीक की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ ए.के तोमर के मार्ग निर्देशन में एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा,डॉ आर पी बैन, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव,डॉ के पी द्विवेदी श्री संदीप चंद्रवंशी तथा प्रियंका धुर्वे एवं मानव जीवन विकास समिति के संचालक निर्भय सिंह उपस्थित थे। मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र एवं मानव जीवन विकास समिति (एनजीओ) जिला कटनी के संयुक्त सौजन्य में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक के प्रमुख डॉ ए के तोमर ने खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु रबी फसलों के उत्पादन तकनीकी एवं सब्जी उत्पादन तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकी जीवामृत बीजामृत ब्रह्मास्त्र बनाने की संपूर्ण तकनीकी एवं उसको उपयोग करने की विधि पर प्रशिक्षण दिया साथ ही वैज्ञानिकों ने खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु कम पानी चाहने वाली फसलों के बोने की सलाह दी एवं उनके प्रबंधन की तकनीकी पर प्रशिक्षण दिया। वैज्ञानिकों ने खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन, पशुपालन,मुर्गी पालन एवं इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम अपनाने की किसानों को सलाह दी। यह कार्यक्रम मानव जीवन विकास समिति के माध्यम से आए हुए किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें किसानों की संख्या 45 थी आज का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला बहुत ही सारगर्भित रही किसानों ने वैज्ञानिकों द्वारा दी गई कृषि तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया और हमेशा वैज्ञानिक खेती करने को स्वीकार किया अंत में कृषक एवं मानव जीवन विकास समिति के अध्यक्ष श्री निर्भय सिंह ने वैज्ञानिक को धन्यवाद दिया

आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों ने दिखाई रुचि

कटनी @ पत्रिका. जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी एवं सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर जरूरी संसाधनों के विकास में रुचि दिखाई है। शासन-प्रशासन की पहल पर लोग बच्चों के लिए हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी संस्थानों के विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे आने को कहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना एडॉप्ट एन आंगनबाड़ी के अंतर्गत प्रथम चरण में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेकर विभिन्न कार्य केंद्रों को व्यवस्थित कराने कराए गए हैं। द्वितीय चरण में बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य रीना लोधी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी ने बहोरीबंद के एक-एक आंगनबाड़ी केन्द्र को गोद लेने की सहमति दी हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा मुड़वारा विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लेने की सहमति दी है। बड़वारा विकासखण्ड में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने 9 आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लेने की सहमति दी है। बिजौरी, जमुनिया, भदौरा, पौड़ी, बंदरी, बड़वारा-1 एवं 2, खिलायकला, टिकरिया, लगभग 8 लाख का व्यय अनुमानित है। संस्था ने अभी तक बंदरी, भदौरा, टिकरिया, एवं पौड़ी 4 केंद्रों में संपर्क...

शारदा मंदिर प्रबंधन समिति को एमजेवीएस व एसबीआई ने दी कचरा गाड़ी

कटनी, देशबन्धु। मानव जीवन विकास समिति एवं एसबीआई बैंक द्वारा देवी जी धाम में शारदा प्रबन्धक समिति को दो कचरा दान गाड़ी दान में दी गई। इस मौके पर मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, एकता परिषद के वरिष्ठ साथी संतोष सिंह, अभय कुमार, चंद्रपाल के साथ कटनी बैंक के प्रबन्धक दीपक सिन्हा, स्थानीय प्रबन्धक नीलू तिवारी व माँ शारदा प्रबन्धक समिति के प्रशासक व एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी, माँ शारदा शक्तिपीठ के पुजारी सुमित महाराज, पूर्व पार्षद प्रमोद सिंह, शारदा प्रबन्धक समिति के उपयंत्री एसबी सिंह व समस्त कर्मचारी के साथ साथ स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

एसबीआई बैंक के प्रबन्धक द्वारा कचरा गाड़ी की चाबी मन्दिर प्रशासक को सौंपकर पूजा अर्चन किया गया। निश्चय ही यह सराहनीय कार्य है जिसके लिए एसबीआई बैंक धन्यवाद की पात्र है।

इस मौके पर स्थानीय जगह विशेष साफ सफाई पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि सफाई पर किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जावे एवं एसबीआई बैंक के प्रबन्धक द्वारा अन्य व्यवस्थाओं को मुहैया कराने की बात कही गई।

मानव जीवन विकास समिति ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान

[illegible]

दैनिक भास्कर | **दमोह आसपास**

खेती के साथ वन उपज बनी आय का जरीया

वन क्षेत्र के गांवों में रहने वालों को किया जा रहा जागरूक

भास्कर न्यूज़। तेंदूखेड़ा

ब्लॉक के वनांचल में बसे गांवों के लिए आजीविका के लिए विभिन्न उपाय कर रहे है। वह खेती के साथ ही वनांचल उपज का संकलन कर उसे बाजार में बेंच कर आर्थिक स्थिति सुधारने का भी प्रयास कर रहे है। कहां जाए तो वनांचल वासियों के लिए उनकी आय का जरिया खेती के अलावा जंगल में लगे पेड़ों में उगने वाले फल भी बने हुए है। फलों का महत्व समझकर उनका संकलन कर बाजार में बेंच रहे है। इस कार्य लिए एकता परिषद मानव जीवन विकास समिति के सदस्य भी वनांचल वासियों को जागरूक कर प्रेरित करते हुए उनकी मदद भी कर रहे है। समिति के घनश्याम प्रसद रायकवार बताते हैं कि वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण मौसम अनुसार हर्र, बहेड़ा, आंवला के साथ बेल का संकलन कर आय का जरिया अपना रहे है। जिससे वनांचल गांव में निवास करने वाले लोगों की उनकी आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ ही दैनिक खर्च के अनुसार परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सकारात्मक बदलाव देखने के लिए मिल रहा है। लेकिन सरकार द्वारा वन उपज संकलन करने वाले लोगों के लिए वन उपज नही खरीदने के कारण वन वासियों को संकलन की गई फसल को कम दामों में बिचौलियों को बेचना पड़ रहा है। जिससे वनवासी अच्छी आय से वंचित है। यदि इस उपज को सरकार खरीदने लगे तो लोगों की आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार होगा और गांव भी विकसित होगा। ग्राम ससेला माल, ग्राम पंचायत बोरिया के गुड्डू सींग गौड़, अनीता बाई गौड़, नन्हेवीर सींग गौड़, रतनसींग गौड़, अर्चना बाई गौड़, गुड्डा सींग गौड़ सहित अन्य वनांचल वासी इसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

रेंजर ने वन समिति सदस्यों से चर्चा कर योजनाओं की दी जानकारी

फतेहपुर। हटा वन परिक्षेत्र की खाड़ेरी बीट में ग्राम वन समिति जलना में तेंदूपत्ता संग्रहण संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिसमें शामिल हुए हटा रेंजर प्रदीप तिवारी ने तेंदूपत्ता संग्राहकों से शासन वन विभाग की विभिन्न योजना के संबंध में चर्चा की। रेंजर द्वारा वन विभाग से मिलने वाली सामग्री और लाभांश के बारे में विस्तार से बताया गया और विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस की राशि मिल सके। तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं उनके परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। तेंदूपत्ते की चोरी को रोका जा सके, जिसके लिए सतत निगरानी बरती जाए। जिससे किसी तरह की लापरवाही न हो आदि बातों के लिए बताया। इस दौरान बीट प्रभारी आरके राय, कर्मचारी सहित तेंदूपत्ता संग्राहक मौजूद रहे।

नाले का पानी बेकार न बहे, किसानों ने बोरियों से रोका, अब सिंचाई के आएगा काम

ग्रामीण बोले-नाला में पानी रुकने से रबी सीजन में भरपूर मिलेगा पानी

भास्कर न्यूज़। तेंदूखेड़ा

एक तरफ शासन-प्रशासन वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयासरत है और इसके तहत बरसाती नदी, नालो में स्टाप डेम भी बनाए जा रहे हैं, ताकि वर्षाजल को रोका जा सकें, तो वहीं दूसरी ओर ब्लाक के ऐसे कई गांव है जहां से गुजरे बरसाती नदी, नालों में अभी भी व्यर्थ पानी बह रहा है। जिसे रोकने के लिए प्रशासन द्वारा उचित प्रयास नही किए गए है। इससे किसानों को सिंचाई के साथ ही अन्य जरूरतों के लिए पानी का संकट गहराने के आसार नजर आने लगे हैं। ब्लाक तेंदूखेड़ा मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बगदरी के आश्रित गांव गुबरा के किसानों के लिए फसल को सिंचाई करने के लिए कोई जल संसाधन नहीं है। गांव किसान अधिक बरसाती नदी, नालों पर निर्भर है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों की मुख्य आय का जरिया खेती है। चूंकि सिंचाई के लिए जल संसाधन का अभाव है। इसलिए अच्छी पैदावार नही होती है। इस कारण यहां के किसान संपन्न नहीं हैं। यदि बारिश अच्छी हो जाती है तो धान की खेती हो जाती है और गेहूं के लिए सिंचाई के लिए जंगली नालों के पानी पर निर्भर रहते हैं। जंगली नालो से पानी मिल जाये तो यही बहुत बड़ी बात है। हम लोग गेहूं की बोवनी भगवान भरोसे करते हैं।

रबी सीजन में हर उम्मीद होती है कि कभी तो बादल बरसेंगे और गेहूं की फसल में जान आ जाएगी। हमारा गांव आदिवासी बाहुल्य है। शिक्षा का स्तर भी खास नहीं है। इसलिए खेती करने के तरीकों में आधुनिकता नहीं आ पाई है। कई बार जंगली नालों का पानी सहेजने के लिए स्टाप डेम बनाने की मांग की पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। जन प्रतिनिधि चुनाव के समय नजर आते हैं और कई वादे करते हैं, लेकिन इसके बाद कोई नहीं आता है।

पानी की समस्या से मिलेगी निजात

ग्रामीणों ने बताया कि नालों में भरे पानी को रोकने के लिए इस बार मानव विकास समिति कटनी जिला दमोह के पंचायत सहायक कार्यकर्ता धन सिंह लोधी, रमेश सिंह गौड़ के साथ मिलकर श्रमदान कर मड़ईया घाट नाला पर एक बोरी बंधान किया है। जिसमें वह सफल भी हो गए है। स्थानीय गुड्डू सिंह गौड़, रज्जू, हल्ले, तोते प्रधान के परिश्रम से यह बोरी बंधान सफल रहा है। इससे नाला का पानी रूक गया है। जिससे फसल में सिंचाई के साथ ही उपयोग के लिए भी पानी की सुविधा होगी। समिति जिला समन्वयक घनश्याम रैकवार ने बताया कि समिति के सदस्यों के प्रयासों से और ग्रामीणों के सहयोग से यह बोरी बंधान कार्य सफल हुआ है। अब कुछ हद तक पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

बैठक में विभिन्न विषयों हुई चर्चा

भास्कर न्यूज़। तेंदूखेड़ा

जनपद पंचायत के सभागार में शनिवार को मानव जीवन विकास समिति कटनी, दमोह द्वारा ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें घनश्याम प्रसाद रायकवार ने बैठक का उद्देश्य बताते हुए समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ प्राकृतिक खेती, पशुपालन, जल संरक्षण व सरकारी योजनाओं को लेकर समिति कई वर्षों से लोगों को जागरूक कर रही है। समिति सचिव निर्भय सिंह ने कहा कृषि को लाभ का व्यापार कैसे बढ़ाया जाये, जिससे खेती में कम लागत में अधिक उत्पादन के साथ किसानों की आय दोगुनी बढ़ सके। जैविक खाद आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ. हरिकांत बिलवार ने पशुपालकों के लिए योजनाओं की जानकारी दी। एलबी दास ने आजीविका के बारे में बताया। जन अभियान परिषद विकासखंड समंवयक अर्पित ने परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के बारे में जानकारी दी। चंद्रपाल कुशवाहा ने कहा कि सरकार द्वारा योजनाये संचालित की गई है। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। इस दौरान लाल सिंह, धन सिंह, मिलन बाई, मानसी, परमसुख, नरेश मौजूद रहे।

आजीविका आधारित महासम्मेलन का हुआ समापन

लोकोत्तर, दमोह

एकता परिषद मानव जीवन विकास समिति कटनी,दमोह मध्य प्रदेश के द्वारा आजीविका आधारित महासम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत बमनोदा खदरीहार में किया गया मानव जीवन विकास समिति एकता परिषद पिछले कई वर्षों से वन अधिकार अधिनियम के तहत लोगों की आजीविका खड़ी हो गाँव में लोगों की कृषि आधारित गैर कृषि आधारित स्थाई आजीविका जल जंगल जमीन जानवर और बीज संरक्षण कौशल विकास व सरकार की योजनाओं के माध्यम से समुदाय की स्थाई आजीविका सुनिश्चित करने हेतु प्रयासरत है इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एवं बारीकी से इनके बारे में जानने व समझने के लिए आजीविका आधारित महासम्मेलन का आयोजन किया ग्राम पंचायत बमनोदा खदरीहार में किया गया मुख्य अतिथि एकता परिषद के संस्थापक गांधी वादी विचारक श्री डॉ.राजगोपाल पी. व्ही.(राजा जी) की उपस्थिति में महासम्मेलन में अनेक ग्रामों से किसान भाईयों ने प्राकृतिक खेती के संबंध में अपने अपने सुझाव रखें और बताया कि रसायनिक खेती में अधिक लागत लगती है लेकिन प्राकृतिक खेती में शून्य बजट की खेती होती है. रसायनिक खेती में अधिक लागत आती है यूरोपीय ग्रिमोर डीएपी तरल खाद खरीदने में इसलिए हम लोग गाय भैंस का पालन कर रहे हैं।

जल, जंगल, जानवर, जमीन व बीज संरक्षण पर कार्यशाला

भास्कर न्यूज़। तेंदूखेड़ा

ब्लाक के ग्राम बमनोदा खदरीहार में मानव जीवन विकास समिति द्वारा जल, जंगल, जानवर, जमीन एवं बीज संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आजीविका आधारित इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि एकता परिषद के संस्थापक डॉ. राजगोपाल पीवी रहे। कार्यशाला में तेंदूखेड़ा सहित विभिन्न ग्रामों से किसान शामिल हुए। जिन्होंने प्राकृतिक खेती के संबंध में सुझाव रखें और बताया कि रसायनिक खेती में अधिक लागत लगती है, लेकिन प्राकृतिक खेती में शून्य बजट की खेती होती है। गौ मूत्र गोबर के साथ खरपतवार के माध्यम से वर्मी खाद, वर्मी वास, मठास्त्र, अग्नि अस्त्र, घनजीवामृत, ब्रम्हास्त्र, तुलास्त्र, फसल फूल वर्धक, हिंगास्त्र, अजोला इत्यादि बनाते हैं और उपयोग करते हैं। साथ ही देशी बीज का उपयोग किसान कर रहे हैं। वन अधिकार कानून से प्राप्त वन भूमि पर नवाचारों के माध्यम से कृषि कार्य किया जा रहा है। खदरीहार बमनोदा में देशी बीज और जैव उत्पाद यूनिट की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में संसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रोगी कल्याण समिति दमोह अनुपम सोनी, सुशील गुप्ता, मूरत सींग लोधी, राजकुमार सिंह सांसद निज सचिव, संतोष भारती, पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। एकता परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष परमार ने कहा कि वन अधिकार कानून के क्रियांवयन में लापरवाही हुई है। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से चिंतन मन कर आदिवासियों को उनका हक देना चाहिए। एकता परिषद संस्थापक डॉ. राजगोपाल ने कहा कि वन अधिकार कानून को केंद्र सरकार, राज्य सरकारों ने जिस प्रकार से लागू किया है उसके क्रियांवयन में बड़ी अनदेखी हुई है सरकार के सामने इस बात को रखा जाएगा। कार्यक्रम में अनीश, निर्भय सिंह, दिनेश खरे, ब्रजेश सहित ग्रामीण क्षेत्रों से किसानों की मौजूदगी रही। संचालन घनश्याम प्रसाद रायकवार ने किया एवं आभार चंद्रपाल कुशवाहा ने व्यक्त किया।

धन्यवाद!

Social Media Linked:

- Email - mjvs@mjvs.org , mjvskatni@gmail.com
- Website- www.mjvs.org
- Blogger - https://mjvskatni.blogspot.com/
- Twitter - https://twitter.com/mjvs_katni_mp
- Facebook - https://www.facebook.com/ngomjvskatni/
- Instagram - https://www.instagram.com/manavjeevanvikassamiti/
- Youtube- https://www.youtube.com/channel/UCiEnoE5h_oePCKrsea7rLWQ
- Linkedin – https://www.linkedin.com/in/manav-jeevan-vikas-samiti-0b7559266